

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 23 दिसंबर 2024 ■ पौष कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-263 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप वाला देश : मोदी

### 71 हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली,23 दिसंबर।** देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 71 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए. उन्होने कहा कि पिछले एक-डेढ़ साल में हमारी सरकार ने लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जो एक रिकॉर्ड है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुने गए सभी युवा नई सरकारी व्यवस्था में शामिल होने जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि कोई लक्ष्य नहीं है जिसे युवा नहीं पा सकते. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश का युवा आत्मविश्वास से भरा हुआ है और भारत आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप वाला देश है. मोदी ने कहा कि युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है. प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार की प्राथमिकता भारत के युवाओं के सामर्थ्य और प्रतिभा का भरपूर उपयोग है, इसके लिए केंद्र सरकार ने



ग्रामीण भारत में रोजगारदेने बैंक सखी जैसी कई योजनाओं को लागू किया है. उन्होने कहा, 'रोजगार मेलों के जरिए हम लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं. पिछले 10 वर्षों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है. आज भी 71,000 से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं.' देश भर में 45 स्थानों पर यह रोजगार मेला हुआ था. चयनित उम्मीदवारों को वित्तीय सेवा, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों में नियुक्त किया जाएगा. भारत ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, और हमें इस संकल्प पर पूरा भरोसा है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने का पूरा भरोसा है. आज न केवल लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी मिल रही है, बल्कि ये नौकरियां पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं. कल देर रात मैं कुवैत से लौटा हूं, जहां मैंने भारत के युवाओं और पेशेवरों के साथ लंबी बैठक की थी. अब यहां आने के बाद मेरा पहला कार्यक्रम देश के युवाओं के साथ हो रहा है. यह बहुत सुखद अवसर हैकि आज देश के हजारों युवाओं के लिए जीवन की एक नई शुरुआत हो रही है. आपका कई वर्षों का सपना साकार हुआ है. मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण, दलित, पिछड़े और आदिवासी युवा वर्गों के लिए पहली बार पढ़ाई में भाषा एक बाधा बनती थी, इसलिए सरकार ने मातृभाषा में पढ़ाई और 13 भाषाओं में भर्ती परीक्षाओं की व्यवस्था की है. गृह मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और वित्त मंत्रालय केंद्र सरकार के कई विभागों के लिए यह नियुक्तियां हैं.

## संक्षेप

### हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर, 2 घायल

**बालोद,23 दिसंबर।** हाइवा वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी. जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से गुरूर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. कोहरे में विजीबिलिटी कम होने के चलते हादसा हुआ है. घटना गुरूर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, अवैध रेत से भरी हाइवा वाहना ने टक्कर मार दी. हादसे में दो बाइक सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. पहले दोनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया. यहां इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया है.

### नक्सलियों ने अपने ही साथी को उतारा मौत के घाट

**दंतेवाड़ा,23 दिसंबर।** बस्तर में नक्सलियों ने अपने ही साथी की हत्या कर दी. हालांकि अब तक मामले की अधिकारिक पुष्टी नहीं हुई है. पुलिस घटना की जांच में जुटी है. पुलिस मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने वारदात को अंजाम दिया है. इस घटना से परिजन दहशत में है. परिजनों ने कोई FIR भी नहीं करवाई है. यह मामला बारसूर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों ने गुफापारा में सामनाथ कश्यप की हत्या की है. घटना को अंजाम देने दर्जनभर हथियारबंद नक्सली पहुंचे थे. सामनाथ नक्सलियों के संगठन में लंबे समय से जुड़ा हुआ था. नक्सली कमेटी में जनताना सरकार का अध्यक्ष था.

### साय की पहल पर एम्स में तीजन बाई का इलाज शुरू

**रायपुर,23 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ की पहचान और देश के दूसरे सर्वोच्च सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई का एम्स में इलाज शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तीजन बाई की बीमारी की जानकारी मिलते ही उनके समुचित और बेहतर इलाज की व्यवस्था करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए थे। इसी



कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तीजन बाई के स्वास्थ्य की जानकारी लेने उनसे मिलने भी पहुंचे थे और पांच लाख रूपए की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करायी थी। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया था कि तीजन बाई के लिए घर में ही मोटराइज्ड रिमोट कंट्रोल आटोमेटिक बेड, बेड टेबल और व्हील चेयर उपलब्ध कराया जाए।

### जवानों ने 15 आईईडी बम किया बरामद

**नारायणपुर,23दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में सुरक्षाबलों को नक्सलियों द्वारा किसी बड़े मंसूबे को नाकामयाब करने में बड़ी सफलता हाथ लगी है. जवानों ने 15 आईईडी बम बरामद किए हैं, जिसे सुरक्षाबलों ने सभी आईडी को डिफ्यूज करके नक्सलियों द्वारा बड़े वारदातों को अंजाम दिए जाने को असफल कर दिया है. जवानों द्वारा सर्च अभियान के तहत मिले उक्त आईईडी बम को लेकर माना जा रहा है कि इसे सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के ध्येय से लगाया गया था.

### कुनकुरी में एशिया का दूसरा सबसे बड़ा चर्च

**जशपुर,23 दिसंबर।** जिले में स्थित कुनकुरी महागिरजाघर एशिया का दूसरा सबसे बड़ा चर्च है। इसकी भव्यता, अनोखी वास्तुकला और धार्मिक महत्व इसे खास बनाते हैं। 1962 में इसकी नींव रखी गई और 13 सालों में इसका निर्माण पूरा हुआ। यह चर्च 10,000 लोगों की क्षमता के साथ 7 छतों और 7 दरवाजों के प्रतीकात्मक महत्व को दर्शाता है।

### दो गुटों में झगड़ा

**भिलाई,23 दिसंबर।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र में तेलहा नाला के पास गुरु घासीदास जयंती समारोह के दौरान दो गुटों में जमकर झगड़ा हुआ। झगड़े के बीच एक युवक ने नाबालिग पर कटर से सिर, गले और जांघ में 3-4 वार किया। नाबालिग को गंभीर हालत में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में भर्ती कराया गया है घायल शेख अखिल ने बताया कि वो गुरु घासीदास जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। तेलहा नाला के पास ही कार्यक्रम था। रात में अपने दोस्तों के साथ कार्यक्रम देख रहा था, तभी वहां शेखर अपने भाई और दोस्तों के साथ पहुंच गया। शेखर किसी बात को लेकर शेख अखिल से बहस करने लगा। शेख अखिल का कहना है कि शेखर उसका दोस्त है और वह उसे जानता है। झगड़ा होने के बाद वो वहां से जाने लगा। वह सोचा कि दोस्तों के बीच सामान्य झगड़ा हुआ है, लेकिन शेखर उसके भाई और उसके दोस्त ने उसे रास्ते में रोक लिया। वह उससे झगड़ा करने लगे।इसी दौरान शेख अखिल के भी साथी पहुंच गए। दोनों गुटों में झगड़ा इतना बढ़ गया कि शेखर ने अपने जेब से कटर निकाला और शेख अखिल के सिर, गले और जांघ में तीन चार वार किया। इससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी शेखर अपने दोस्तों के साथ भाग गया। घायल शेख अखिल के दोस्तों ने डायल 112 को फोन किया। इसके बाद उसे घायल हालत में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। उसकी हालत अब खतरे से बाहर है।



## युवक का अपहरण कर नक्सलियों ने की हत्या

**बीजापुर,23 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने साप्ताहिक बाजार से युवक का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी और रेड्डी गांव के पास शव को फेंक दिया. शव के पास से एक पर्चा भी बरामद किया गया है. पर्चे में पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया गया है. इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है. यह मामला गंगालूर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, गंगालूर थाना क्षेत्र स्थित रेड्डी गांव में रविवार को लगे साप्ताहिक बाजार में 5 नक्सली पहुंचे थे. सभी लोगों ने पिस्टल और चाकू की नोक पर युवक मुकेश हेमला का अपहरण कर लिया और उसे अपने साथ जंगल में ले गए और उसे मौत के घाट उतार दिया. युवक का शव रेड्डी गांव के पास मिला है. पुलिस मामले की जांच कर रही.

## 3 खालिस्तानी आतंकी एनकाउंटर में ढेर

**चंडीगढ़,23 दिसंबर।** पंजाब के गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड/बम फेंकने वाले तीन खालिस्तानी आतंकियों को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है। उत्तर प्रदेश पुलिस और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने तीनों आतंकियों को मारने के बाद उनके पास से दो एके 47 राइफल और दो ग्लॉक पिस्टल बरामद की है। यह मुठभेड़ पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र में हुई।

मुठभेड़ में तीनों आतंकी गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। दोनों का इलाज जारी है और दोनों खतरे से बाहर हैं। मुठभेड़ के बाद



आतंकियों के पास से दो एके 47 राइफल, दो ग्लॉक पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किया गया है। घटना के बाद तीनों को पूरनपुर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। उस समय तक आतंकियों की मौत नहीं हुई थी। हालांकि, स्वास्थ्य केंद्र में आतंकियों की मौत की पुष्टि हुई। गुरविंदर सिंह पुत्र गुरुदेव सिंह, उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी मोहल्ला कलानौर, थाना कलानौर जिला गुरदासपुर, पंजाब वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि पुत्र रंजीत सिंह उर्फ जीता, उम्र करीब 23 वर्ष, निवासी ग्राम अगवान थाना कलानौर जिला गुरदासपुर, पंजाब जसन प्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह, उम्र करीब 18 वर्ष, निवासी ग्राम निक्का सूर, थाना कलानौर जिला गुरदासपुर, पंजाब। पंजाब के डीजीपी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया पाक प्रायोजित खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स आतंकी मॉड्यूल के खिलाफ एक बड़ी सफलता में, यूपी पुलिस और पंजाब पुलिस के एक संयुक्त अभियान ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी करने वाले मॉड्यूल के तीन सदस्यों के साथ मुठभेड़ की है। यह आतंकी मॉड्यूल पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस प्रतिष्ठानों पर ग्रेनेड हमलों में शामिल है।

## ट्रक में आग लगने से 6 मवेशियों की दम घुटने से मौत

### मवेशियों की तस्करी करते हुए चार आरोपी गिरफ्तार

**जशपुर,23 दिसंबर।** फिल्मी स्टाइल में जशपुर पुलिस ने मवेशियों की तस्करी करते हुए चार आरोपियों



को गिरफ्तार किया है। ये तस्कर ट्रक में मवेशियों को भरकर झारखंड के कत्लखाने ले जा रहे थे। पुलिस ने अपनी चतुराई का इस्तेमाल करते हुए ट्रक के सामने नुकीली ब्रेकर डालकर उसे रोक लिया। ट्रक का टायर फटने के बावजूद, मवेशी तस्कर गाड़ी को चलाते रहे। इस दौरान ट्रक में डिक्स से चलने की वजह से आग लग गई, और ट्रक धधकने लगा। आग में घिरने के बाद तस्कर जान बचाने के लिए गाड़ी से कूद पड़े, लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें पकड़ लिया। ट्रक में कुल 18 मवेशी थे, जिनमें से 6 मवेशियों की दम घुटने से मौत हो गई। आग लगने के बाद पुलिस ने 14 मवेशियों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला। गिरफ्तार किए गए तस्कर सभी झारखंड के रहने वाले थे। यह पूरी कार्रवाई पुलिस लाइन में तैनात टीआई हर्षवर्धन चौरासे और उनकी टीम द्वारा की गई।

## रातभर पिटाई से युवक की मौत

**धमतरी,23दिसंबर।** जिले के ग्राम सिरसिदा में युवक की रातभर बेदम पिटाई से उसकी मौत हो गई. धान चोरी करने वाले का दोस्त कह कर दंपती ने युवक को इतना पीटा



की उसने दम तोड़ दिया. मृतक के पिता ने गांव के ही पुरुष और महिला पर पिटाई करने का आरोप लगाया है. जानकारी के मुताबिक, मृतक का नाम कार्तिक पटेल, उम्र 19 वर्ष ग्राम सिरसिदा निवासी है. मृतक के पिता तुलसी राम पटेल ने कहा कि कुरूद पुलिस को सूचना देने के बाद भी गांव नहीं पहुंची. पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में शव को लाया गया है. इस मामले में कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है बताया जा रहा कि सिरसिदा में भीखम साहू के घर से धान की चोरी हुई है. मृतक के पिता ने बताया, धान चोरी करने वाले का दोस्त कहकर दंपती ने कार्तिक की पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई.

## बांग्लादेश पर त्रिपुरा का 200 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया

**नई दिल्ली,23 दिसंबर।** बांग्लादेश पर त्रिपुरा का 200 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया है। राज्य के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पड़ोसी देश को बिजली आपूर्ति रोकने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड के माध्यम से त्रिपुरा राज्य विद्युत निगम



लिमिटेड पड़ोसी देश को 60-70 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करता है। इसके लिए बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड के साथ एक समझौता किया गया है। साहा ने बताया,बांग्लादेश ने हमें बिजली आपूर्ति के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया है। बकाया राशि हर दिन बढ़ रही है। हमें उम्मीद है कि वे अपना बकाया चुका देंगे, ताकि बिजली आपूर्ति बाधित न हो। यह पूछने पर कि यदि ढाका बकाया भुगतान करने में विफल रहता है, तो क्या त्रिपुरा सरकार बिजली की आपूर्ति रोक देगी, मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में बिजली उत्पादन संयंत्र की स्थापना के लिए कई मशीनरी बांग्लादेशी क्षेत्र या चटगांव बंदरगाह के माध्यम से लाई गई थी। इसलिए, कृतज्ञता के कारण त्रिपुरा सरकार ने एक समझौते के बाद देश को बिजली की आपूर्ति शुरू कर दी। उन्होंने कहा, लेकिन, मुझे नहीं पता कि अगर वे बकाया राशि का भुगतान नहीं करते हैं तो हम बांग्लादेश को कब तक बिजली की आपूर्ति जारी रख पाएंगे।त्रिपुरा ने मार्च 2016 में बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति शुरू की। बिजली का उत्पादन दक्षिणी त्रिपुरा के पलाटाना में सरकारी स्वामित्व वाली ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी (ओटीपीसी) के गैस आधारित 726 मेगावाट उत्पादन क्षमता वाले बिजली संयंत्र में किया जाता है। उन्होंने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति के बारे में कहा, हम सीमा पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हालांकि, अगस्त में उस देश में शुरू हुए मौजूदा उथल-पुथल के बाद से अब तक बांग्लादेश से कोई बड़ी आमद नहीं हुई है। त्रिपुरा उत्तर, दक्षिण और पश्चिम में बांग्लादेश से घिरा हुआ है और इसकी अंतरराष्ट्रीय सीमा की लंबाई 856 किलोमीटर है, जो इसकी कुल सीमा का 84 प्रतिशत है। अगरतला में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग में हाल ही में हुई सुरक्षा भंग पर टिप्पणी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मामले में कड़ी कार्रवाई की है और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## मरीन ड्राइव के पास कैफे में आग ऊपर अस्पताल में मचा हड़कंप

**रायपुर,23 दिसंबर।** राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव, तेलीबांधा के सामने स्थित एक कैफे में आज सुबह आग लग गई. सिप एंड बाइट कैफे में आग लगने से धुंआ बाहर




आने लगा. जिससे लोगों में हड़कंप मच गया. घटना की सूचना के बाद पुलिस और फायरब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई है. घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है. जानकारी के मुताबिक, तेलीबांधा तालाब के सामने सिप एंड कैफे में सोमवार सुबह आग लग गई. कैफे से बाहर आ रहे धुंए को देखने के बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी. जिसके बाद मौके पर पुलिस और दमकल की एक वाहन भी पहुंच गई. आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है. दमकल की वाहन आग बुझाने में जुटी हुई है. दुकान के ऊपर अस्पताल है, आग लगने से हड़कंप मच गया है.

## मोदी की गारंटी के तहत पूरे देश में विकास कार्य हो रहेः साहू

**रायपुर,23 दिसंबर।** आरंग के ग्राम भिलाई स्थित सीआरपीएफ कैंप में आयोजित रोजगार मेला में केंद्रीय राज्य मंत्री (आवास एवं शहरी) तोखन साहू ने 450 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, सीआरपीएफ अपर महानिदेशक अमित कुमार,डीआईजी अजय सिंह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने सरकारी नौकरियों में चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में मेले का आयोजन होता था, जिसमें लोग मेले का आनंद लेते थे। लेकिन देश में जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने है तब से देश में रोजगार मेला, आवास मेला, किसान मेला जैसे कई योजनाओं के लिए मेला का आयोजन किया जा रहा है। मोदी की गारंटी के तहत पूरे देश में विकास कार्य हो रहे है। युवाओं को रोजगार मिल रहा है, किसानों को समर्थन मूल्य पर फसलों की कीमत मिल रही है। साल 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है और इस संकल्प को पूरा करना हम सबकी प्राथमिकता है। उन्होंने प्रदेश में भाजपा सरकार के एक साल पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



सरकार को 10 में से पूरे 10 अंक दिए है। उहोंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में खुशहाली है। किसानो से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीद कर 3100 रुपए का भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए बैंक के माध्यम से दिया जा रहा है।

## राहुल और प्रियंका गांधी में हम देखते हैं कांग्रेस का भविष्य : मणिशंकर अय्यर

**नई दिल्ली,23दिसंबर।** अकसर अपने विवादित बयानों के चलते चर्चा में रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने अपनी जीवनी का दूसरा अंश रिलीज किया है। इसमें उन्होंने कांग्रेस के भविष्य, गठबंधन राजनीति समेत कई अहम मुद्दों पर भी बात की है। इस तरह अय्यर ने अपनी राजनीतिक जीवनी के साथ ही कांग्रेस से भी जुड़ी कई चीजों को उजागर किया है। इस बीच पुस्तक पर चर्चा के दौरान अय्यर ने प्रियंका गांधी और राहुल गांधी की तुलना नेहरू और पटेल की जोड़ी से की है। अय्यर ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के बारे में लिखने वाले लोगों ने नेहरू और पटेल की सराहना की थी। उन लोगों ने लिखा था कि इस जोड़ी ने ही देश को खड़ा किया और शासन किया। दोनों को तब के जानकारों ने एक-दूसरे का पूरक बताया था।

मणिशंकर अय्यर ने कहा कि अब हम प्रियंका- राहुल गांधी भविष्य देखते हैं। नेहरू और पटेल की जोड़ी ने देश को खड़ा किया था। मुझे विश्वास है कि वैसी ही जोड़ी राहुल और प्रियंका की भी होगी। मुझे लगता है कि ये दोनों अगले 30 सालों तक कांग्रेस का चेहरा रहेंगे। मैं दोनों के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं देखता। उन लोगों ने तय भी कर लिया होगा



कि कैसे रहना है। फैमिली की ओर से कांग्रेस का चेहरा राहुल गांधी रहेंगे, लेकिन पार्टी में अहम योगदान प्रियंका गांधी का रहेगा। उन दोनों को अलग करने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा। भविष्य में हम राहुल गांधी और प्रियंका की कांग्रेस देखेंगे। कांग्रेस लीडर ने इंटरव्यू में पार्टी को एक नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह नहीं सोचना चाहिए कि उसके अलावा कोई अन्य लीडर INDIA अलायंस का नेतृत्व नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, 'यह बहुत जरूरी सवाल फिलहाल नहीं है। फिर भी मैं कहूंगा कि कांग्रेस को INDIA ब्लॉक के लीडर का पद छोड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। जो भी नेता बनना चाहे, उसे बनने दिया जाए। ममता बनर्जी में ऐसा करने की क्षमता है। दूसरे नेताओं में भी अलायंस का नेतृत्व करने का दम है और वे जरूरी प्रतिभा रखते हैं। इसलिए मैं मानता हूं कि यह अहम बात नहीं है कि गठबंधन का नेतृत्व कौन करे। कांग्रेस केंद्रीय भूमिका में तो रहेगी ही। मुझे लगता है कि भले ही राहुल गांधी अलायंस के मुखिया न रहे, लेकिन उनका सम्मान उससे भी ज्यादा रहेगा।' बता दें कि मणिशंकर अय्यर ने पिछले दिनों यह भी कहा था कि उनका करियर यदि गांधी परिवार ने बनाया तो उसी ने बिगाड़ा भी। उनका कहना था कि वह लंबे समय से सोनिया गांधी और राहुल गांधी से बात नहीं कर पाए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियां किए जाने समेत ऐसे कई बयान रहे हैं, जब अय्यर ने कांग्रेस को ही फंसा दिया। माना जाता है कि उनके लगातार विवादों में रहने के कारण ही पार्टी ने उनसे दूरी बना ली।

### मौत के डर से महिला ने ठग को दे दिए सारे जेवरात

**बालोद,23 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में अंधविश्वास के चक्कर में कोई अपनी जान गंवा चुके हैं तो कोई लाखों रुपए की ठगी का शिकार हो चुके हैं. इसके बावजूद लोग कोई सबक नहीं ले रहे. ताजा मामला बालोद जिले के अर्जुन्दा थाना क्षेत्र से आया है, जहां एक महिला को ठगी का शिकार बनाकर उससे डेढ़ लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है. जानकारी के मुताबिक, ओडारसकरी गांव की महिला उमेश्वरी साहू को एक अज्ञात व्यक्ति ने झूठ का ऐसा मंत्र पढ़ाया कि महिला ने मौत की डर से अपने सारे जेवरात उस ठग को दे दिए. बाद में जब महिला को लगा कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है तो उसने अर्जुन्दा थाने में शिकायत की.

## एक नजर

### अस्पताल में हंगामा करने वाले तीन लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 23 दिसंबर।** भिलाई उतई शासकीय अस्पताल में घुसकर हंगामा करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में जुर्म दर्ज कर कार्रवाई की उतई टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि उतई सीएसपी वार्ड बॉय प्रमोद सिंह ने शिकायत की अस्पताल में आरोपी उमरपोटी निवासी राहुल यादव शेखर ठाकुर और टिकेश्वर यादव पहुंचे अस्पताल में हंगामा करने लगे जब मना किया गया तो वार्ड बॉय से गाली गलौज कर मारपीट की मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया उनके खिलाफ मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में जुर्म दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### कोल्ड ड्रिंक की बोतल से हमला करने वाले बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 23 दिसंबर।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र झगड़े में साथ न देने की बात पर एक युवक पर कोल्ड ड्रिंक की बोतल से हमला करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है सुपेला पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेजा गया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि रावणभाठा सुपेला निवासी शिकायतकर्ता दुर्गेश देशुमुख पर आरोपित अजय सोनकर ने कोल्ड ड्रिंक की बोतल से हमला किया था। पीड़ित शनिवार की शाम को शंकरपारा रोड के पास एक दुकान पर सिगरेट लेने के लिए गया था तभी आरोपित ने उससे गाली-गलौज कर मारपीट की थी वहां पर उपस्थित लोगों ने बीच बचाव किया और पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया पुलिस ने बताया कि आरोपित अजय सोनकर आदतन बदमाश है उसके खिलाफ पूर्व में भी मारपीट के कई मामले दर्ज हो चुके हैं।

### अभियान चलाकर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति किया गया जागरूक



भिलाई, 23 दिसंबर। इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर द्वारा पोषण विद्यालय संपर्क अभियान के तहत विद्यालयों से संपर्क किया गया। अभियान समिति की संयोजिका डॉ मेरिली राय ने महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वैशाली नगर तथा इंदिरा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामनगर को पोषक विद्यालय के रूप में चिन्हित किया गया। विद्यार्थियों से उनके उच्च शिक्षा संबंधित शंकाओं को पूछा गया तथा उनकी जिज्ञासाओं का निवारण किया गया तथा उन्हें विभिन्न करियर के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान डॉ श्रीमती नमिता गुहा राय, प्रो महेश अलेंद्र, डॉ अजय मनहर, प्रो अत्रिका कोमा तथा प्रो अमृतेष शुक्ला उपस्थित रहे।

### प्रत्येक सोमवार को किया जा रहा नवीन राशन कार्ड का वितरण



भिलाई, 23 दिसंबर। नगर निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को नवीन राशन कार्ड वितरित किया जा रहा है। सुबह 11-00 बजे से 4-00 बजे तक कोऑपरेटिव सोसाइटी के दुकानदार एवं नगर निगम भिलाई के कर्मचारी बैठेंगे। अभी तक जो नागरिक अपना राशन कार्ड नवीनीकरण नहीं करवाए हैं, वह जाकर राशन कार्ड नवीनीकरण करवा सकते हैं। यह सुविधा सभी के लिए प्रदान की जा रही है। अधिक से अधिक संख्या में आकर लाभ उठा सकते हैं। जो राशन कार्ड धारक राशन कार्ड नवीनीकरण नहीं करेंगे भविष्य में उन्हें राशन मिलने में परेशानी हो सकती है। इसलिए इंतजार मत करें। शीघ्र अपना राशन कार्ड नवीनीकरण कारण करवा लेवे। मुखिया को दो फोटो, अपना आधार कार्ड, पुराना राशन कार्ड लेकर जाना होगा उसी के आधार पर राशन कार्ड का नवीनीकरण हो जाएगा ।

### सर्वधर्म सम्मेलन की शताब्दी पर हुआ वृहद आयोजन

**भिलाई, 23 दिसंबर।** वेटिकन सिटी रोम में आयोजित विश्व धर्म संसद में इस्पात नगरी निवासी वीके मोहम्मद ने प्रसिद्ध आध्यात्मिक संस्थान शिवगिरी मठ वर्कला केरल का प्रतिनिधित्व किया। वैशाली नगर निवासी वीके मोहम्मद ने बताया कि ठीक 100 साल पहले 1924 में प्रख्यात समाज सुधारक श्री नारायण गुरु ने अद्वैत आश्रम अलुवा (केरल) में विश्व धर्म संसद का आयोजन किया था। जिसमें तब दुनिया भर के प्रतिनिधियों अपनी उपस्थिति देकर एक सार्थक संवाद किया था। इस महत्वपूर्ण आयोजन की शताब्दी को यादगार बनाने इस शताब्दी समारोह के एक हिस्से के रूप में, शिवगिरी मठ ने पिछले माह 29 और 30 नवंबर को वेटिकन में विश्व धर्म संसद की मेजबानी की। समुदायों के बीच अंतरधार्मिक संवाद और सद्भाव को बढ़ावा देने यह पहल की गई।

# शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को हम हमेशा याद रखेंगे:उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 23 दिसंबर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सहसपुर लोहारा वार्ड 12 में आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। समाज के प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आदिवासी परंपरा के अनुसार आत्मीय स्वागत किया। उन्हें आदिवासी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस पर श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने अपने प्राणों की आहुति देकर पूरे छत्तीसगढ़ को स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी का गौरव दिलाया है। उनके बलिदान को हम हमेशा याद करेंगे।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने कई विकास कार्यों के लिए घोषणा भी की। उन्होंने आदिवासी मंगल भवन के निर्माण के लिए 24 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की, जिससे आदिवासी समाज को एक समर्पित स्थल मिलेगा। इसके अलावा, सलिहा बूढ़ादेव मंदिर के पास बाउंड्रीवाल के निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की गई। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने 2 लाख की लागत से रानी दुर्गावती चौक निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस चौक के निर्माण से क्षेत्र के सौंदर्यीकरणहोगा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है और गांवों व शहरों में बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठ सदस्य, और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# महाराजपुर में पंडरिया विधायक भावना ने सुखी इंडस्ट्रीज का शुभारंभ किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 23 दिसंबर।** सुखी इंडस्ट्रीज ( राईस मिल ) के शुभारंभ कार्यक्रम में 22 दिसंबर 2024 को दोपहर 12 बजे मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल होकर सुखी इंडस्ट्रीज का शुभारंभ किया । विधायक भावना बोहरा ने चावल को छूकर देखा और चावल की तारीफ की साथ नए राइस मिल के लिए बधाई भी दी । विशिष्ठ अतिथि के रूप में कवर्धा जनपद सभापति पीयूष ठाकुर शामिल हुए । गुलाब जायसवाल , संजय जायसवाल , विष्णु जायसवाल और राइस मिल के संचालक प्रदीप जायसवाल ने बताया की किसानों के हित के लिए कार्य करना मुख्य उद्देश्य है जिससे की युवाओं को भी रोजगार भी मिलेगा । एपेक्स एग्रो टेक प्राइवेट लिमिटेड के जीएम ( सेल्स ) एच एस तंवर , अभय प्रताप सिंह , प्रदीप सिंह उपस्थित रहे । जीएम एच एस तंवर ने बताया की मिलिंग मशीन गुणवत्ता की दृष्टि से बहुत ही उत्तम क्वालिटी की है और कम से कम दरों पर मुहैया कराते है । हमारी कंपनी राइस मिल प्लांट के लिए पूरी रेंज बनाती है । शुभारंभ कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष सनत जायसवाल , बिजनेसमैन चंद्रशेखर चंद्रवंशी , पेट्रोल पंप संचालक गिरिराज दास वैष्णव मुकेश अग्रवाल , बिजनेसमैन सतीश चंद्रवंशी , राइस मिल संचालक अनिल चंद्रवंशी , अजय बोथरा , उप सरपंच विजय जायसवाल , आकाश चंद्रवंशी , सौरभ सिंह , प्रियांक सोनी , शिवा चंद्रवंशी , आकाश चंद्रवंशी सहित बच्चे , महिला सहित परिवार के सदस्यगण उपस्थित होकर राइस मिल को देखा और राइस मिल की बहुत तारीफ की ।

# पुलिस ने दूसरे प्रदेश से आकर रह रहे 700 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 23 दिसंबर।** भिलाई जिले में अन्य प्रदेशों से आकर रह रहे लोगों की जांच के लिए पुलिस ने सप्ताहभर से अभियान चलाया है जांच बांग्लादेशी और रोहिंग्या के यहां छिपे होने की आशंका पर शुरू की गई थी हालांकि कहीं से भी ये लोग नहीं मिले वहीं अब तक 700 से अधिक ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जिन्होंने अपनी मुसाफिरी नहीं दर्ज कराई थी ठेकेदारों के अधीन लेबर कालोनियों के है साथ ही शहर के दो लाज पर भी कार्रवाई की जा चुकी है अब उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिन्होंने अपने मकान को किराये पर दिया है और पुलिस को किरायेदारों की जानकारी नहीं दी है बता दें कि सप्ताहभर पहले अभियान के तहत पुलिस ने सभी श्रमिक बस्तियों और गांवों में जाकर जांच शुरू की थी। इसकी शुरुआत हथखोज बस्ती से की गई। जहां पर एक ठेकेदार ने विभिन्न प्रदेशों के 39 लोगों को यहां पर लाकर रखा था उसने किसी भी व्यक्ति के बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी थी वहां पर जांच के बाद इसे पूरे जिले में शुरू किया गया बस्ती और मोहल्लों के साथ ही पुलिस ने पावर हाउस नंदिनी रोड के अपना केशरी लाज और केशरी लाज में भी जांच की थी वहां पर भी पुलिस को जानकारी दिए बिना रह रहे लोग मिले थे, जिन पर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई थी

**संगवारी से करवा रहे आधार का सत्यापन** -जांच के दौरान पुलिस ने सभी के आधार, वोटर आइडी कार्ड का सत्यापन करवाया निकायों के संगवारी को बुलवाकर मौके पर यह चेक करवाया गया कि आधार असली है या फर्जी। सभी के फिंगरप्रिंट और मोबाइल पर ओटीपी आदि को चेक किया गया पकड़े गए सभी लोगों के आधार और पहचान पत्र सही मिले थे क्यों जरूरी है मुसाफिरी दर्ज करवाना बाहर से आकर रुकने वालों की मुसाफिरी दर्ज करवाना बहुत जरूरी प्रक्रिया है। इससे पुलिस को यह पता चल पाता है कि शहर में कौन व्यक्ति कहां से आया है। उसकी पहचान के आधार पर उसके स्थायी पते को वेरिफाई करवाया जाता है। साथ ही यह भी पता लगाया जाता है कि वह व्यक्ति कोई अपराधी या किसी मामले में फरार तो नहीं है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि बाहर से आकर ठहरने वालों को मुसाफिरी दर्ज करवाना जरूरी होता है जो लोग बिना सूचना के यहां निवासरत मिले, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी जिन्होंने अपने मकान को किराये पर दिया है, उनसे अपील है कि वे अपने किरायेदारों की सूचना पुलिस को जरूर दें अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी ।

### राष्ट्रीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन



भिलाई, 23 दिसंबर। भारतीय जूडो महासंघ के तत्वाधान में दिल्ली जूडो संघ द्वारा राष्ट्रीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन केडी जाधव इंडोर स्टेडियम नई दिल्ली में 4 से 6 जनवरी तक किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता से ही आगामी 38 वे राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड हेतु जूडो खिलाड़ी चयनित किए जाएंगे। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम भी भाग ले रही है। प्रदेश की टीम हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन 22 दिसंबर को अनलिमिटेड जुडो एकेडमी हाउसिंग बोर्ड में किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रदेश के दुर्ग जिला, रायपुर जिला, बलोदा बाजार भाटापारा जिला, बिलासपुर जिला, कोंडागाँव जिला, रायगढ़ जिला एवं बीएसपी जूडो क्लब के लगभग 98 जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना ने गन्ना किसानों को पेराई सत्र 24-25 का 14 .13 करोड़ का भुगतान किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा , 23 दिसंबर।** डिप्टी सीएम विजय शर्मा के निर्देश पर कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा नियमित अंतराल पर गन्ना किसानों को भुगतान किया जायेगा। इसी कड़ी में आज दिनांक को वर्तमान पेराई सीजन 2024-25 के लिए दिनांक 30.11.2024 तक गन्ना विक्रय करने वाले कृषकों को 2.88 करोड़ 315.10 रु. प्रति क्विंटल के मान से भुगतान जारी कर दिया गया है। वर्तमान पेराई सत्र 2024-25 में आज दिनांक तक रिकार्ड 109175 मे.टन गन्ना पेराई कर 94270 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के गन्ना किसानों की सामाजिक आर्थिक उन्नति में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना का विशेष योगदान है। कारखाना प्रबंधन द्वारा कृषकों से अपील की गई है, कि कृषक कारखाने में परिपक्व गन्ना, साफ सुथरा बिना अगवा बिना जड़ के आपूर्ति करें, ताकि कारखाने में रिकव्हरी प्रतिशत बढ़े जिसका लाभ कृषकों को मिल सके।

### बीएमएस पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री से मिलकर दिया धन्यवाद



**भिलाई, 23 दिसंबर।** स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय के भारसाधक मंत्री अरूण साव से भेंट कर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु नवीन पद सृजन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर निकायों में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया. महासंघ के महामंत्री शरद दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव से उनके रायपुर निवास कार्यालय में भेंट कर संघ के प्रतिनिधियों ने प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों के वेतन भुगतान में आ रहे वित्तीय कठिनाई , एकांगी पदो पर कार्यरत अधिकारी कर्मचारी की पदोन्नति चैनल निर्धारित कर पदोन्नति करने,निकायो में शेष बचे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने, ठेका प्रथा समाप्त कर प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित करने, पूराना पेंशन योजना लागू करने, छटवाँ व सातवें वेतनमान का एरियर्स प्रदान करने सहित अन्य समस्याओं का पत्र सौंप कर शीघ्र निराकरण किये ।

# छग के युवाओं में शराब पीने की प्रवृत्ति चिंताजनक शराब बिक्री बंद होनी चाहिए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,23 दिसंबर।** भोरमदेव शक्कर कारखाना के डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी ओर बिजनेसमेन चंद्रशेखर चंद्रवंशी ओर पेट्रोल पंप के संचालक संजय जायसवाल ने कहा की गांवों और शहरों में युवाओं का शराब पीने की आदत चिंताजनक है और तेज गति से गाड़ी चलाते है शराब पीकर । जिससे दुर्घटनाएं होने की संभावना भी होती है साथ ही ज्यादा शराब पीने से कैंसर ओर बहुत सारी बीमारी होने की संभावना रहती है । छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग है की शराब बिक्री बंद होनी चाहिएं जिससे युवा शराब से दूर होंगे और परिवार में बच्चे खूब पढ़ेंगे लिखेंगे डॉक्टर इंजीनियर बनेंगे । यदि ज्यादा युवा शराब पियेंगे तो परिवार में बच्चों पर कैसे ध्यान देंगे । भोरमदेव शक्कर कारखाना के पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी ने कहा की आखिर युवाओं में नशे की प्रवृति इतनी क्यों बढ़ रही है समझ से परे है ।

# मनवा कुर्मी समाज पाटन राज अधिवेशन 25 को, बैठक में तैयारी पर चर्चा की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 23 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज अधिवेशन की तैयारी बैठक संपन्न हुई नगर पंचायत उतई के सामाजिक भवन में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज का अधिवेशन नगर पंचायत उतई के शासकीय महाविद्यालय के मैदान में 25 दिसंबर दिन बुधवार को संपन्न होगा जिसकी महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें सभी आए हुए नगर इकाई एवं ग्राम इकाई के प्रमुखों की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि सभी सामाजिक बंधुओं तक निमंत्रण पहुंचा कर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया इस दौरान पाटन राज प्रमुख युगल किशोर आडील राज मंत्री केदार कश्यप नगर अध्यक्ष मोरध्वज वर्मा सामाजिक गण मुकेश वर्मा चंद्रिका प्रसाद वर्मा फत्तेलाल वर्मा महेंद्र वर्मा प्रहलाद वर्मा रवींद्र वर्मा हितेश वर्मा ईश्वर वर्मा परमानंद वर्मा नीलमणि वर्मा मुकेश वर्मा सामाजिक महिलाएं सुषमा वर्मा क्रांति वर्मा हीरा देवी वर्मा राधा वर्मा किरण वर्मा ज्योति वर्मा रंजना वर्मा युवा साथी अजय वर्मा गणेश वर्मा भूषण वर्मा देवेश वर्मा बड़ी संख्या मे युवा साथी एवम् सामाजिक जन उपस्थित थे ।

### ब्रह्माकुमारीज में पहली बार विंटर कार्निवाल 25 से

**भिलाई, 23 दिसंबर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में 25 से 29 दिसंबर तक चलने वाले विंटर कार्निवाल में बड़ी संख्या में बच्चे और अभिभावक अपने बच्चों हेतु निशुल्क रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। भिलाई में पहली बार आयोजित विंटर कार्निवाल में क्लास 5 से क्लास 8 तक के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क रहेगा।जिसका समय प्रातः 9:30 से प्रातः 11:30 बजे तक रहेगा।

## निधन

### दुर्गा प्रसाद सपहा

**उतई।** ग्राम घुघसीडीह



निवासी दुर्गा प्रसाद सपहा उम्र 69 का रात्रि में निधन हो गया हैं। वे पूर्व भाजयुमों महामंत्री व वर्तमान भाजयुमों मंत्री संतोष सपहा,व एल आई सी अभिकर्ता गजाधर सपहा के पिता जी व वरुण सफहा के दादा जी थे। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 2 बजे स्थानीय मुक्तिधाम ग्राम घुघसीडीह में किया जायेगा।

### लता देशमुख

**रिसाली।** नगर पालिक निगम



रिसाली के जनसंपर्क अधिकारी अश्वनी देशमुख की बहन कोड़ियाडीह निवासी लता देशमुख 56 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के ही मुक्तिधाम में किया गया। वे दिनेश देशमुख की पत्नी एवं कामेश्वरी व योगेश्वरी की मां थी।

# सुशासन सप्ताह में रंगोली प्रतियोगिता के साथ योजनाओं पर चर्चा भी



**भिलाई, 23 दिसंबर।** सुशासन सप्ताह 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। इसी संदर्भ में वैशाली नगर कन्यशाला के छात्राओं द्वारा रंगोली बनाई गई। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं क्या-क्या चल रही हिन। इस पर परिचर्चा छात्रों के बीच में की गई। क्या-क्या लाभ मिल रहा है। कक्षा 11वीं की छात्रा रेशमा जयश्री ने बताया आज महतारी वंदन का पैसा मेरे घर में आने से हम लोगों को बहुत बड़ी सहायता हो जाती है । पलक ने बताया प्रधानमंत्री आवास से मकान बन जाने के बाद मेरे चाचा लोग अच्छे से निवास कर रहे हैं। पहले एक घर में रहते थे तो आपस में परेशानी होती थी। आज सबको मकान मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड से इलाज हो रहा है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से रोजगार मिल रहा है। किसी भी प्रकार का सर्टिफिकेट बनवाना है तो मोर संगवारी को कॉल कर दो आकर के हमें सर्टिफिकेट बना कर दे देता है। हमारे चाचा के लड़की का जन्म प्रमाण पत्र घर बैठे बैठे बन गया। यह सब सुविधा हमें सुशासन के द्वारा ही मिल रहा है। कन्या शाला की प्राचार्या संगीता बघेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया आज आवश्यकता अनुसार हर चीज शासन द्वारा प्रदान की जा रही हैं। राशन, मकान, घर रोजगार, बच्चों को पढ़ने के लिए सुविधा, साफ सफाई, आदि पर प्रशासन पूरा ध्यान दे रहा है। हम लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए दूसरों को भी प्रेरित करना है। जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला ने बच्चों से आह्वान किया कि 70 प्लस के सभी वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसका शिविर स्कूल में लगवाएंगे बच्चे अपने घर से अपने दादा-दादी बुजुर्गों को लेकर के यहां पर आयुष्मान कार्ड बनवाएंगे। बच्चे एवं शिक्षिकाएं अपने घरों से 70 प्लस वरिष्ठों को लाकर के आयुष्मान कार्ड बनवा सकती हैं। इस पर सब लोग सहमति व्यक्त किये।

### चाकू,गंडासा लेकर घूम रहे दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**भिलाई, 23 दिसंबर।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र चाकू और गंडासा लेकर घूम रहे दो बदमाशों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि मराठी मोहल्ला कोसा नगर सुपेला निवासी आरोपित 29 वर्षीय मो रियाज खान को जैन होटल के पास कोसा नगर से पकड़ा गया है आरोपित एक चाकू लेकर लोगों को धमका रहा था। दूसरे मामले में राधा कृष्ण मंदिर के पास कोसा नगर सुपेला निवासी 24 वर्षीय आरोपित दिनेश शंकर वाजपेयी को कोसा नगर शौचालय के पास से गिरफ्तार किया

# पुलिस भ्रष्टाचार के विवाद में हैदराबाद कंपनी के कर्मचारी एवं पुलिस प्रशासन पर उंगली उठ रही

राजनंदगांव ■ तरुण छत्तीसगढ़

राजनांदगांव जिले में पुलिस भर्ती प्रक्रिया मे कथित भ्रष्टाचार को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस मामले में गड़बड़ी के आरोपी ने सरकार और प्रशासन को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है, क्योंकि यह जिला डॉ रमन सिंह का विधानसभा क्षेत्र है। सरकार के जनादेश परब के कुछ समय बाद ही सुशासन की पोल खोलती इस घटना ने सरकार के पाए भी ढीले कर दिए हैं। राजनांदगांव में 8वीं बटालियन मे चल रही पुलिस आरक्षण की भर्ती भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। यहां इस बात का खुलासा हुआ कि खुद पुलिस के लोगों ने कथित रूप से पैसा लेकर शारीरिक दक्षता परीक्षा में फेल उम्मीदवारों को पास करने में झूठ हुए थे। हद तो तब हो गई जब बिना दौड़े ही एक उम्मीदवार को पूरे अंक दे दिए गए और भर्ती प्रक्रिया के लिए तकनीकी सहायता के लिए हैदराबाद की कंपनी को जिम्मेदारी सौंप दिया गया। बताया जाता है की पूरी भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के पीछे पूरी पुलिस, दो नेताओं और हैदराबाद की उक्त कंपनी की कर्मचारियों की मिलीभगत थी। उम्मीदवारों की वसूली का काम नीचे स्तर के कर्मचारी से कराया गया नेता भी विचोलिये का काम किया । अब इस मामले में पुलिस के उच्च अधिकारियों की क्या भूमिका थी, यह जांच का विषय है? छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार ने अपने कार्यकाल के एक साल के पूरा होने पर खुद एक जनादेश मनाया। इसी सुशासन वाली सरकार ने पिछले लगभग 6 महीने के भीतर कानून और व्यवस्था की स्थिति बरहाल हो चुकी है नशे पर कोई रोक-टोक नहीं है जिसके कारण शहर में क्राइम बढ़ता जा रहा है। पूरे जिले में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से शराब की अवैध तस्करी हो रही है,क्योंकि यह क्षेत्र दोनों राज्यों से जुड़ा हुआ है जिसके कारण कोथियो का जाल फैला हुआ है। जिसके कारण शासन प्रशासन मौन है, क्योंकि यह विधानसभा डॉ रमन सिंह का विधानसभा क्षेत्र है लिहाजा इसका प्रदेश में अहम स्थान है इसीलिए इस जिले में पुलिस भारती में भ्रष्टाचार और मनमानी की इतनी अंधेरगर्दी शर्मनाक है। यह बताया जाता है कि एक आरक्षण में फांसी लगाने से पहले अपनी हथेली पर यह छोटे कर्मचारियों को फसाया जा रहा है जबकि बड़े अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस के बड़े अधिकारी पूछताछ के लिए नाम पर उसे घंटा प्रताड़ित किया और धमकी भी थी जबकि यह सब मामला पूरी भर्ती में गड़बड़ी के मास्टर माईड एक आरक्षक को पूछताछ से ही अलग कर दिया गया। इस पूरी प्रक्रिया में घोटाले में राजनांदगांव के कुछ नेताओं के नाम भी सामने आ रहे हैं जिन्हें प्रदेश के दो मंत्रियों का करीबी माना जाता है इनमें से एक नेता पहले ही कई मामलों में बदनाम हो चुका है। कुल मिलाकर यहां विष्णु सरकार के सुशासन पर काला धब्बा है जिससे जनता एक बार फिर खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

## एक नजर

### आरक्षक अनिल कुमार रत्नाकर की मृत्यु की जांच के लिए एसआईटी का गठन

**राजनांदगांव,23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस चौकी जालबांधा, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में पदस्थ आरक्षक अनिल कुमार रत्नाकर पिता श्री चैतराम रत्नाकर का शव दिनांक 21.12.2024 को थाना लालबाग क्षेत्र के ग्राम रामपुर में पाये जाने पर थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव में मर्ग क्रमांक 117/2024 धारा 194 बीएनएसएस पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री दीपक कुमार झा द्वारा उक्त मर्ग की समुचित जांच हेतु श्री देवचरण पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला मोहला-मानपुर-अं0चौकी के नेतृत्व में (01) श्री अखिलेश कौशिक पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जिला कबीरधार, (02) निरीक्षक अश्विनी राठौर, थाना प्रभारी अम्बागढ़चौकी जिला मोहला-मानपुर-अं0चौकी, (03) सउनि. द्वारिका प्रसाद लाउत्रे सायबर सेल जिला राजनांदगांव कुल चार अधिकारियों की विशेष जांच टीम गठित किया गया है। साथ ही निर्देशित किया गया है कि उक्त टीम मामले के सभी पहलूओं पर बारीकी से जांच कर साक्ष्य संग्रह कर विधिवत् कार्यवाही करते हुए 10 दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

### भोलापुर में सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख की मंजूरी

**छुरिया ,23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** ग्राम भोलापुर वि.ख छुरिया जिला राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री मान. विजय शर्मा जी द्वारा भोलापुर मे सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20.00 लाख की राशि स्वीकृति प्रदान किया गया है। मुख्यअतिथि -श्रीमती गीताघासी साहू ,अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव ।, कार्यक्रम के अध्यक्षता श्री रविंद्र वैष्णव, महामंत्री जिला भाजपा राजनांदगांव।, कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि - श्री चंद्रिका प्रसाद डडसेना, उपाध्यक्ष जिला भाजपा राजनादगांव ।,विशिष्ट अतिथि श्री एम.डी. ठाकुर, उपाध्यक्ष प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा रायपुर ।,विशेष अतिथि - श्रीमती किरण वैष्णव,, अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया ,, अजय पटेल -अध्यक्ष मंडल छुरिया,, संजय कुमार सिन्हा - महामंत्री मंडल भाजपा छुरिया,,खिलेशवर साहू महामंत्री मंडल भाजपा छुरिया,, कामता प्रसाद साहू - उपाध्यक्ष भाजयुमो राजनांदगांव,, श्रीमती हेमलता बंजारे जनपद सदस्य भोलापुर ,, मोहित राम सिन्हा ग्राम पटेल भोलापुर ,, हेमलाल साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भोलापुर,, शिशुपाल साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति भोलापुर ,, सोहन साहू अध्यक्ष भाजयुमो मंडल छुरिया ,, भोजेश चतुर्वेदी सचिव ग्राम विकास समिति भोलापुर,, पंचराम साहू श्री लखन लाल साहू श्री पोखन साहू होगें। रूखम प्रसाद पांडे सरपंच ग्राम पंचायत भोलापुर, श्रीमती रमसीला साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत भोलापुर ने कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थिति की अपिल की है।

### कंपनी ने नई एक्टिवा पेश की

**रायपुर, ,23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी नई एक्टिवा 125 का ओबीडी2बी-अनुपालक वर्जन ( निर्धारित मानकों कें अनुरूप) लॉन्च कर दिया है। यह मॉडल नए रंगों और कई एडवांस फीचर्स के साथ आता है। इसकी शुरुआती कीमत रुपये 94,422 (एक्स-शोरूम दिल्ली) रखी गई है। इस लॉन्च के दौरान, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के एमडी, प्रेसिडेंट और सीईओ श्री सुतसुमु ओटानी ने कहा, हमें नई ओबीडी2बी-अनुपालक एक्टिवा 125 पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है। इस अपडेटेड मॉडल के जरिए हम ग्राहकों की जरूरतों और संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए 125सीसी सेगमेंट में इनोवेशन का नया मानक स्थापित कर रहे हैं। इसमें दिए गए टीएफटी डिस्प्ले और होंडा रोडसिंक ऐप के जरिए ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसे फीचर्स ग्राहकों को राइडिंग का एक अलग और बेहतर अनुभव देंगे।

हमें पूरा भरोसा है कि यह मॉडल अपने सेगमेंट में नई ऊंचाइयां तय करेगा। होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया के सेल्स एवं मार्केटिंग डायरेक्टर श्री योगेश माथुर ने कहा, ''एक्टिवा 125 हमेशा से ग्राहकों की पसंदीदा रही है, और इसका नया वर्जन इसे और भी बेहतर बना रहा है। ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, नेविगेशन और यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट जैसे स्मार्ट फीचर्स के साथ यह आज के आधुनिक राइडर्स की जरूरतों को पूरा करता है। नई एक्टिवा 125 में जोड़े गए नए और चमकीले रंगों और आधुनिक तकनीक के चलते, यह अपने सेगमेंट में ग्राहकों को आकर्षित करने और बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## समाज की एकता से संस्कृति व धर्म सुरक्षित रहेंगे : मदन साहू

राजनांदगांव,23 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़



डोगरगांव के तुमड़ीबोड़ में सामाजिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम हुए जिसमें आज जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिसमें महिला प्रशिक्षण भवन साहू समाज सामुदायिक भवन पटेल समाज सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत के आमंत्रण पर उन्होंने के कहा कि समाज हमारे पुरखों की धरोहर है इसे सुरक्षित रखना और संभाल हम सब की जिम्मेदारी है। समाज से हमारे संस्कृति की रक्षा होती है हमारे संस्कृति से हमारे धर्म के प्रति झुकाव होता है मानव एक सामाजिक प्राणी है और समाज को चलाने के लिए हमारे पदाधिकारी ने नियमावली बनाकर रखें समाज से बढ़कर कोई नहीं होता और आने वाले पीढ़ी को समाज के प्रति जागरण करने की जरूरत है। समाज कहीं कमजोर होता है तो हमारे संस्कृति लुप्त हो जाएंगे जिससे हमारे धर्म की सुरक्षित नहीं रहेंगे धर्म को और संस्कृति को बचाने के लिए युवा वर्ग को समाज के मुख्य धारा में जोड़ना अति आवश्यक है गांव में सभी समाज व सभी धर्म के लोग निवासरत करते हैं एक दूसरे समाज की सम्मान और धर्म की सम्मान करते हैं आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास जरूरी है।

श्री साहू ने ग्राम पंचायत के सरपंच टीकम पटेल सहित सभी पंच उपसरपंच व समाज के पदाधिकारी को बहुत-बहुत बधाई दी। कार्यक्रम में विशेष रूप से क्षेत्र विधायक सम्मानित दलेश्वर साहू जी जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव जी जनपद सदस्य श्रीमती भुनेश्वरी साहू पटेल समाज के जिला अध्यक्ष नैनसिंह पटेल जी तहसील अध्यक्ष सेवाराम पटेल साहू समाज के तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू जी पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुलाब वर्मा डॉ विद्यविलास श्रीवास्तव ग्राम पटेल अमरोतन साहू खेलूदास साहू उदेराम पटेल भुसावल साहू मंडल अध्यक्ष इंद्रसेन साहू श्रीमती जमुना साहू रमेश जैन उर्वशन साहू पितांबर साहूअतिथि स्वरूप विराजमान थे। कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू जी कर रहे थे आयोजन ग्राम पंचायत के सरपंच टीकम पटेल व सचिव येवेंद्र साहू ने पंचायत अधिकारियों सहित अतिथि व सामाजिक जनों का सम्मान किया।



### नो पार्किंग में खड़े 65 वाहन चालकों से 19,900 रुपये वसूला जुर्माना

**राजनांदगांव ,23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन,अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कुल 65 वाहनों पर कार्यवाही कर 19,900 रूपये जुर्माना वसूला गया। जिसमें दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट पर 01, तीन सवारी में 26, बिना कागजात के 14,नो पार्किंग में 03 यातायात नियमों का उल्लंघन में 09, वाहनो में रिफलेक्टर नही 03 एवं बिना नंबर में 09 वाहनों में कार्यवाही किया गया है। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों एवं



यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। साथ ही राजनांदगांव पुलिस की आम जनता से अपील है कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें, तीन सवारी न चलें यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित रहें। राजनांदगांव। काका फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में द्वितीय वर्ष 7₇ स्द्बस्द्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का आज शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ हमारे मुख्य अतिथि जो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष से इरफान इ शेख जिला उपाध्यक्ष हरि जोसेफ. और विशेष अतिथि जिला मंत्री ड्ड्द्रश्च प्रिंस भाटिया जी उपस्थित थे। आज का पहला मैच शिव फ्रेंड क्लब 1ह्य साइंस कॉलेज राज. के मध्य खेला गया जिसमें साइंस कॉलेज ने Tiebreaker में 3-2 से जीत हासिल की। दूसरा मैच Frank Brother-B Vs PTS-A के मध्य खेला गया जिसमें Frank Brother-B ने 1-0 से जीत साहिल की। अंतिम 1 तीसरा मैच Boring-vv vs PTS-B के मध्य खेला गया जिसमें Boring-11 ने 3-0 से जीत हासिल की। 23 दिसम्बर को भी 3 मैच खेला जाएगा। आपको बता दे यहां प्रतियोगिता राज्यस्तरीय पर खेला जा रहा है इस प्रतियोगिता में लगभग 24 टीम में हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता में राजनांदगांव के अलावा कवर्धा, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, धमतरी, Tirodi, Dongri Mines, Tumsar Road, भंडारा से टीमें शामिल है। इस प्रतियोगिता के आयोजन करता सोनू वर्मा अजय ज्ञानचंदानी और उनकी पूरी टीम उपस्थित।

## रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़



**राजनांदगांव,23दिसंबर।** साईं राजनांदगांव और डी एच ए राजनांदगांव की बालिकाओं ने जीते मैचज. बालक वर्ग में हॉकी दुर्गा और खेलो इंडिया बिलासपुर ने जीत दर्ज की 22 दिसम्बर। शहर में खेली जा रही रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ किया गया. शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय शामिल हुए एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी खूबचंद परख ने की । वहीं इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रदेश हॉकी संघ- छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी, पार्षद कुलबीर छाबड़ा, जिला हॉकी संघ के सचिव शिव नारायण धकेता,पार्षद शिव वर्मा, समाज सेवी अशोक चौधरी, ललित भंसाली, निर्मल झा एवं रोमेश शर्मा, पूर्व पार्षद देवशरण सेन, वरिष्ठ खिलाड़ी नीलम जैन, कुतबुद्दीन सोलंकी, भूषण साव, कुमार स्वामी, अजय झा,एवं अनूप श्रीवास्तव तथा पार्षद आसिफ अली उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वाइडनीयर स्कूल एवं संस्कार सिटी स्कूल के बच्चों ने एन सी सी कैडेट्स एवं खिलाड़ियों के साथ मार्च पास्ट की मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्यअतिथि सांसद संतोष पाण्डेय ने रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ हॉकी लीग की प्रशंशा की और कहा की जमीनी स्तर के बच्चों के खेल कौशल विकास के लिए यह प्रयास सराहनीय है।राजनांदगाँव के हॉकी खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है और इस संस्था ने इस प्रतियोगिता के माध्यम इस परंपरा को जारी रखा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज सेवी खूबचंद पारख ने अपने उद्बोधन मे कहा की देश के प्रतिष्ठित टीमों का इस प्रतियोगिता मे भाग लेना ही इसके सफलता का परिचायक है। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने बताया की जमीनी स्तर के हॉकी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए देश मे केवल चार पाँच जगहों पर उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। गर्व की बात है की रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी देश के उन चुनिंदा संस्थाओ मे से एक है।अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच मृणाल चौबे ने बताया की संस्था के सदस्यो के द्वारा छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का यह तीसरा वर्ष है। प्रथम वर्ष राजनांदगाँव जिला स्तर, दूसरे वर्ष मे राज्य स्तर पर करवाने के बाद इस वर्ष इस प्रतियोगिता को भव्यता पूर्ण राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है जिसने 20 टीमों के 200 खिलाड़ी भाग ले रहे है।

**22 से 29 दिसम्बर तक खेले जाएंगे मैच-** रविवार को शुभारंभ हुए इस प्रतियोगिता मे राजनांदगांव के अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 22 से 29 दिसम्बर के बीच मैच खेले जाएंगे. जो लीग कम नॉक आउट आधार पर होंगे. यह प्रतियोगिता जिला हॉकी संघ राजनांदगाँव एवं छत्तीसगढ़ हॉकी एवं राजनांदगाँव हॉकी संघ के मार्गदर्शन मे रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर गुणवंत पटेल, प्रिंस भाटिया, किशोर धीवर, इंदरपाल सिंह, दीपक यादव, अशोक देवांगन, आशीष सिन्हा, कुशल यादव, दिलीप यादव, हारुन खान, चन्द्रहास साहू, कृष्णा यादव, दीपेश चौबे के साथ राजनांदगाँव की खेल प्रेमी जनता उपस्थित रही।

## डाकघर से चोरी के मामले में पुलिस ने दो अंतरराज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया



**धमतरी ,23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** सिटी कोतवाली थाना के बाजू में स्थित मुख्य डाकघर में सेंधमारी कर 6 लाख 68 हजार रूपए चोरी होने के मामले को पुलिस ने 16 दिन बाद खुलासा कर दिया। इस घटना को अंजाम देने वाले अंतराज्यीय दो चोर को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों चोरों ने 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे धमतरी आकर रात में गैस कटर से लोहे के दरवाजे के संकल और ताला को तोड़ा। रूपये को हाथ साफ कर उसी रात को ही रायपुर चले गए। चोरी की कुछ राशि को अन्य बैंक खाते में ट्रांसफर भी किया गया है। बताया जाता है कि धमतरी के पहले महासमुंद में भी इन्होंने डाकघर में ही चोरी की कोशिश की थी, मगर कामयाब नहीं हुए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणीशंकर चंद्रा एवं डीएसपी नेहा पवार ने रविवार को पुलिस संवाद केंद्र में पत्रकारों को धमतरी डाकघर में हुई चोरी की घटना के बारे में खुलासा करते हुए बताया कि 6 व 7 दिसंबर की दरमियानी रात अज्ञात द्वारा मुख्य डाकघर के पीछे टायलेट रूम की खिड़की तोड़कर टैजरी रूम का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया। लॉकर में रखे नगदी रकम 6 लाख 68 हजार 103 रूपये व एक नग सैमसंग ग्लैक्सी मोबाईल की चोरी कर ली। रिपोर्ट पोस्ट मास्टर जनक राम ध्रुव ने दर्ज कराई। इसके बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 305, 331 (4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। इस घटना की खोजबीन के लिए पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने सायबर सेल व सिटी कोतवाली पुलिस की टीम को अलग-अलग क्षेत्र में भेजा। मुखबीर के माध्यम से पता चला कि दो संदेही आसिफ रजा और सूरज यादव रायपुर रेलवे स्टेशन के पास से कहीं भागने की कोशिश कर रहे हैं। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। धमतरी लाकर आसिफ रजा पिता रहवर अब्बास 23 वर्ष निवासी शाहपुर सिरपुरा थाना असमोली जिला संभल यूपी और सूरज यादव पिता राजेन्द्र यादव 25वर्ष निवासी ग्राम चिताव दुर्गा नगर थाना पंवारा जौनपुर उत्तर प्रदेश से पूछताछ की गई। पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे धमतरी पहुंचे थे। दिनभर उन्होंने धमतरी शहर में घूमकर आसपास की स्थिति को पता कर रेकी की। गूगल के माध्यम से पोस्ट ऑफिस को पता करने के बाद कचहरी चौक ढाल के पास स्थित बरगद पेड़ के नीचे बैठकर समय बिताया। रात में जब सूनसान हो गया तब दोनों आरोपियों ने पास में रखे गैस कटर से दिवाल, लोहे के खिड़की एवं ट्रेजरी को तोड़कर लॉकर में रखे 6 लाख 68 हजार 103 व मोबाईल को साथ लेकर उसी रात रायपुर के लिए रवाना हो गए।

**जांच में इनकी रही भूमिका-** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चोरी की जांच कर आरोपियों को पकडऩे में सायबर सेल के प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे, सिटी थाना प्रभारी राजेश मरई, सहायक उपनिरीक्षक हेमंत ध्रुव, प्रधान आरक्षक लोकेश नेताम, आरक्षक कमल जोशी, योगेश नाग, आनंद कटकवार, कृष्ण कन्हैया पाटिल, विकास द्विवेदी, युवराज ठाकुर, योगेश ध्रुव, मुकेश मिश्रा, दीपक साहू, मनोज साहू, फनेश साहू, देवेन्द्र साहू, गोपाल चंद्राकर, किशोर देशमुख की भूमिका रही है।

**पोस्ट ऑफिस में घटना के दौरान ढाई घंटा रूके थे-** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रा ने बताया कि रात में घटना को अंजाम को देने के दौरान दोनों आरोपी पोस्ट ऑफिस के भीतर ढाई घंटे तक रूके थे। उन्होंने पोस्ट ऑफिस के कैमरे को बंद किया। वहीं की बिजली का उपयोग कटर चलाने आदि में भी किया।

**1 लाख 17 हजार होल्ड पर रखा गया-** चोरी के रूपए में से करीबन 1 लाख रूपये को आरोपियों ने खाना खाने, आवाजाही करने के साथ अन्य सामान खरीदने में खर्च कर दिए।

## पालक चौपाल में अभिभावकों को दिया गया पोषण परामर्श

**राजनांदगांव ,23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा कुपोषण की श्रेणी में आए बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए जनसहभागिता से बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। सुशासन के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों में पोट्ठ लईका पहल का कारगर असर दिखाई दे रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में इस अभियान के लिए सभी ने टीम वर्क में कार्य किया, जिसके प्रभावी परिणाम दिखाई दे रहे हैं। पोट्ठ लईका पहल के क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम, अन्य संबंधित विभाग द्वारा सामुदायिक सहभागिता से मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। कुपोषण की दर राजनांदगांव में 2024 में 11.94 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ में देखा गया है कि खाने के लिए भोजन की कमी नहीं है, लेकिन पोषण संबंधी परामर्श की आवश्यकता है। स्थूल और सूक्ष्म पोषक तत्वों के बारे में तथ्य, क्या खाना चाहिए और बच्चे को किस समय खिलाना चाहिए के संबंध में अभिभावकों को जानकारी होना चाहिए। परामर्श की कमी के कारण कई



अभिभावक अपने बच्चों को पर्याप्त संतुलित आहार नहीं दे पाते, जिसके कारण बच्चे कुपोषित हो जाते हैं। इस समस्या को हल करने के लिए जिला प्रशासन ने यूनिसेफ और एबीस पहल के साथ साझेदारी में पोट्ठ लईका पहल की शुरूआत की गई। यूनिसेफ छत्तीसगढ़ पोट्ठ लईका पहल कार्यक्रम का तकनीकी और प्रशिक्षण भागीदार रहा है। पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत सबसे पहले सर्वाधिक कुपोषित 241 आंगनबाड़ी केन्द्रों का चयन किया गया। जिनमें 323 एसएएम (गंभीर तीव्र कुपोषित), 1080 एमएएम (मध्यम तीव्र कुपोषण), 284 गंभीर रूप से कम वजन वाले बच्चे और 1726 मध्यम कम वजन वाले बच्चों को लक्षित किया गया। पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों को यूनिसेफ द्वारा पोषण संबंधी परामर्श के संबंध में गहन प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के बाद उन्होंने अपने क्षेत्र में पोषण परामर्श देना शुरू किया। इस कार्यक्रम अंतर्गत लक्षित आंगनबाड़ी केंद्रों में हर शुक्रवार को पालक चौपाल का आयोजन किया जाता है। इस चौपाल में लक्षित बच्चों के माता-पिता, सरपंच, सचिव, नवविवाहित महिलाएं, गर्भवती महिलाएं, स्वसहायता समूह से जुड़ी हुई महिलाएं एवं अन्य ग्रामवासी शामिल होते हैं। पालक चौपाल में सारे समुदाय को सुपोषण के मुद्दे से जोड़ते हुए उनको पोषण परामर्श दिया जाता है और कुपोषित बच्चों के वजन को हर सप्ताह निगरानी की जाती है। प्रत्येक माह कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल द्वारा इस अभियान की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। बैठक में आंगनबाड़ीवार समीक्षा की जाती है तथा पर्यवेक्षकों को प्रेरित किया जाता है। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पर्यवेक्षकों, सीडीपीओ, स्वास्थ्य विभाग और एसएचजी महिलाओं के अथक प्रयासों के कारण अभियान के कार्यान्वयन के पहले पांच महीनों में 3413 में से 1943 बच्चों को कुपोषण से बाहर आ गए हैं। जिनमें 243 एसएएम (गंभीर तीव्र कुपोषित), 794 एमएएम (मध्यम तीव्र कुपोषण), 124 गंभीर रूप से कम वजन वाले बच्चे और 762 मध्यम कम वजन वाले बच्चे शामिल है, जिन्हें पोषण परामर्श और निगरानी के माध्यम से कुपोषण से बाहर लाया गया है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि यह केवल परामर्श और निगरानी के माध्यम से किया गया था। यह कार्यक्रम तब तक चलता रहेगा जब तक शत-प्रतिशत लक्षित बच्चों को कुपोषण से बाहर नहीं निकाल लिया जाता। भविष्य में इस कार्यक्रम को पूरे जिले में लागू करने की योजना है और इसे पूरे राज्य में भी लागू करने का सुझाव दिया गया है।

## मुख्यमंत्री ने जनादेश की वर्षगांठ पर विष्णु की पाती भेजकर अपनी खुशियां साझा की

**राजनांदगांव ,23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के उपलक्ष्य में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को ग्राम पंचायत स्तर पर एवं विकासखंड स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है तथा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का संदेश विष्णु की पाती महतारी वंदन के सभी हितग्राही महिलाओं को दी गई। विष्णु की पाती पाकर महिलाओं ने खुशी जाहिर की है। मुख्यमंत्री ने जनादेश के वर्षगांठ पर विष्णु की पाती भेजकर अपनी खुशियां साझा की हैं। उन्होंने कहा है कि माताओं और बहनों की खुशहाली ही छत्तीसगढ़ महतारी की खुशहाली है।

महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ दे रहे हैं। यह आपके भाई की ओर से आपको सादर उपहार है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने संदेश में कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के अनुरूप राज्य में माताओं-बहनों के आत्म सम्मान बढ़ाने और स्वावलंबन के लिए यह पुनीत कार्य हो रहा है। जब हम माताओं-बहनों के खाते में राशि भेजते हैं, तो हमें गौरव की अनुभूति होती है। मुझे खुशी है कि माता-बहनें अपनी मर्जी से इस राशि का उपयोग कर रही हैं। कहीं कोई बहन अपने परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों, परिवार के पोषण और स्वास्थ्य के लिए इस राशि का उपयोग कर रही हैं, तो कहीं कोई माता अपने बच्चों की पढ़ाई में इसे खर्च कर रही हैं। जो माताएं-बहनें अपने व्यवसाय को बढ़ाना चाहती हैं या नया व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं, उन्हें महतारी शक्ति ऋण योजना के अंतर्गत 25 हजार रूपए तक ऋण भी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

## संपादकीय

# बयान विरोधी नहीं समझने की जरूरत है

कई बार एक ही विषय पर दिए गए दो नेताओं के बयान परस्पर विरोधी लगते हैं लेकिन उनको समझने की जरूरत होती है क्योंकि दोनों एक ही बात को अलग अलग विषय व मंच से कह रहे होते हैं। अलग मंच व अलग विषय के कारण बहुत से लोगों को लगता है कि दोनों एक दूसरे का विरोध कर रहे हैं लेकिन जब उनके कहने के मकसद पर गौर किया जाता है तो पता चलता है कि दोनों विश्व और देश दोनों का भला चाहते है, उनका तरीका अलग हो सकता है, उनके सोचने का ढंग पद व कद के हिसाब से अलग अलग हो सकता है लेकिन दोनों का मकसद एक होता है जो दोनों के बयान में समानता देखने का प्रयास करेगा, उसे समानता दिखाई देगी और जो विरोध देखना चाहेगा उसे विरोध दिखाई देगा।आरएसएस सरसंघ चालक मोहन भागवत व यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के बयान को लेकर इन दिनों देश में चर्चा जोरों पर है कि योगी ने मोहन भागवत के बयान का विरोध किया है। मोहन भागवत ने जो कुछ पुणें में कहा योगी आदित्यनाथ ने उसके विपरीत अयोध्या में कहा।मोहन भागवत ने देश में मंदिर-मस्जिद विवाद फिर से उभरने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि हर दिन नया मामला(विवाद) उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है। भारत को यह विश्व को दिखाने की जरूरत है कि हम साथ रह सकते हैं।अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद कुछ लोग सोचने लगे हैं कि ऐसे मुद्दे उठाकर वह हिंदुओं के नेता बन सकते हैं।यह स्वीकार्य नहीं है।भक्ति के सवाल पर बात करें तो राम मंदिर होना चाहिए और वह हुआ लेकिन रोज नए मुद्दे उठाकर देश में घृणा-दुश्मनी फैलाना उचित नहीं है। भारत विश्वगुरु विषय पर बोलते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है,केवल हम ऐसा कर सकते हैं।क्योंकि हम हिंदू हैं। हम अपने देश में लंबे समय से सद्भावना से रह रहे हैं, दुनिया को सद्भावना देना चाहते हैं तो माडल बनाने की जरूरत है।यहां गौर करने वाली बात यह है कि मोहन भागवत भारत विश्वगुरु विषय पर बोल रहे हैं तो उनका दायरा बड़ा है,वह बड़े पद पर है,संगठन विश्व का बड़ा संगठन है, तो वह छोटी बात कैसे कह सकते हैं। वह यह बता रहे हैं कि भारत विश्वगुरु तब ही बन सकता है जब भारत की छवि ऐसे देश की बने जहां सब सद्भावना से रहते हैं जैसा पहले रहते आए हैं वैसा अब भी रहते हैं। यानी वह देश में सभी समुदायों के बीच शांति व सदभाव चाहते हैं लेकिन जब देखते हैं कि कई कारणों से देश में अशांति हो सकती है तो वह आगाह कर रहे हैं ऐसा करने पर अशांति होगी तो देश की छबि विश्व में खराब होगी,यह कहा जाएगा कि भारत में दो समुदाय के लोग शांति से नहीं रह सकते। मोहन भागवत एक तरीका बता रहे हैं जिससे भारत विश्व गुरु बन सकता है, वह विश्व को सद्भावना दे सकता है।

मोहन भागवत को कोई राजनीति नहीं करनी है, उनको कोई चुनाव नहीं जीतना है। इसलिए वह बड़ी बड़ी बातें कर सकते हैं, वह ऐसी बातें भी कर सकते हैं जो कई हिंदू संगठनों को अच्छी भी नहीं लग सकती हैं।कई हिंदू संगठन अपने आस्था के केंद्रों को कानून के रास्ते पाना चाहते हैं तो मोहन भागवत कह रहे हैं कि देश की विश्व गुरु की छवि बनाने के लिए ऐसा मत करो।स्वाभाविक है कि बहुत सारे हिंदू संगठनों को यह बात बुरी लगेगी और वह मोहन भागवत का कहना नहीं मानेंगे तो कहा जाएगा कि देखो हिंदू संगठन आरएसएस प्रमुख का कहना नहीं मान रहे हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी वहीं बात कर रहे हैं जो मोहन भागवत कह रहे हैं लेकिन योगी को विश्व से पहले अपने देश व यूपी व हिंदू समाज की चिंता है इसलिए उनकी भाषा अलग है, लेकिन वह भी वही चाहते हैं जो मोहन भागवत चाहते हैं। विश्व में भारत का नाम होना,विश्व में भारत का मजूबत होना।सीएम योगी ने अयोध्या में पंच नारायण महायज्ञ में आहुति देने के बाद कहा कि सनातन ही देश का राष्ट्रीय धर्म है,अगर विश्व को बचाना है तो सनातन धर्म को सुरक्षित करना होगा। हम विरासत को भुलाकर भौतिक विकास को आगे नहीं बढ़ा सकते। विरासत और भौतिक विकास में तालमेल जरूरी है। भारत की परंपरा और पहचान इष्ट देवों,धर्मस्थलों और मान बिंदुओं से है। इन मूल्यों को ध्यान में रखकर आगे बढ़ेंगे तो भारत बना रहेगा। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत विकसित भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है। अगर सनातन धर्म सुरक्षित है तो विश्व सुरक्षित है,सनातन धर्म की रक्षा करना हम सब का दायित्व है।उन्होंने कहा कि सनातन धर्म वसुधैव कुटुम्बकम की बात करता है,विश्व के सभी धर्म, मजहब, पंथ संप्रदाय को सनातन ने सुरक्षा दी है, लेकिन आज हिंदुओं के साथ बांग्लादेश,पाक में क्या हो रहा है,हमारे धर्मस्थलों को नष्ट किया गया, अपवित्र किया गया। जिन लोगों ने ऐसा किया उनका कुल व वंश नष्ट हो गया। मोहन भागवत सद्भावना से विश्व व भारत के कल्याण की बात कर रहे हैं। वही योगी आदित्यनाथ सनातन की सुरक्षा से विश्व व भारत के कल्याण की बात कर रहे हैं। मोहन भागवत कहते हैं कि सदभावना से भारत विश्व गुरु बनेगा, वह विश्व को सद्भावना दे सकेगा। योगी आदित्यनाथ सनातन के सुरक्षित रहने पर विश्व व भारत के कल्याण की बात कर रहे हैं। मोहन भागवत विरासत की बात नहीं कर रहे हैं लेकिन योगी विरासत की बात कर रहे है, उनके लिए भौतिक विकास के साथ ही विरासत का ख्याल रखना भी जरूरी है। विरासत मतलब हमारे मंदिर, हमारे धर्मस्थल, हमारे आस्था के केंद्र हैं, जिनको दिव्य भव्य बनाना है तथा अपने धर्मस्थलों और आस्था के बड़े केंद्रों को वापस हासिल करना है। मोहन भागवत कहते हैं कि जो हुआ उसे भूल जाओ और पूरा ध्यान इस बात पर दो कि हम पहले जैसे सद्भाव से रहते आए हैं वैसे ही हम कैसे रह सकते हैं। योगी आदित्यनाथ सहित बहुत सारे हिंदू संगठन का कहना है कि जो हमारी विरासत है, वह हमारी है, उसका ख्याल करना और उसे कानून के रास्ते वापस पाना हमारा हक है, इस हक को हम छोड़ नहीं सकते। मोहन भागवत को डर है कि मंदिर मस्जिद किया जाता रहा तो देश का सद्भाव नष्ट हो सकता है जबकि योगी आदित्यनाथ व हिंदू संगठनों का मानना है कि हम कानून के रास्ते अपनी विरासत व आस्था के स्थलों का प्राप्त करना चाहते हैं तो इससे सद्भाव नष्ट होने की बात करना, कपोल कल्पना है क्योंकि हिंदू समाज तो सद्भाव बनाए रखता है, अशांति तो दूसरा पक्ष फैलाता है। इसलिए समझाने की जरूरत हिंदू समाज को नहीं उन लोगों को है जो आए दिन हिंसा करते है, पथराव करते हैं।

विश्लेषण

तनवीर जाफरी

# घोर अंधकार युग में प्रवेश करती भारतीय राजनीति



गोदी मीडिया,प्रचार तंत्र,झूठ,धर्म,अतिवाद व बहुसंख्यवाद के बल पर देश को चाहे जो भी सपने दिखाये जा रहे हों परन्तु हक़ीकत तो यही है कि भारतीय राजनीति में मूल्यों व नैतिकता के स्तर का जितना पतन गत 10-15 वर्षों के दौरान होता दिखाई दिया है उतना पहले कभी नहीं हुआ। जो विपक्ष सत्ता संतुलन के लिये जरूरी समझा जाता था जिस विपक्ष को भारतीय सत्ता पक्ष हमेशा मान सम्मान दिया करता था, उसकी आलोचनाओं व संशोधन पर गंभीर हुआ करता था, वही विपक्ष, अब सत्ता को दुश्मन नजर आने लगा है। गत दस वर्षों में जिस तरह भारतीय जनता पार्टी द्वारा विपक्ष को कमजोर यहाँ तक कि समाप्त करने के मकसद से जो हथकंडे अपनाये गये हैं वह पूरी दुनिया ने देखा है। चुनाव जीतकर आयी सरकारों को गिराना, विपक्षी नेताओं को तरह तरह के आरोपों में उलझाना,फिर उन्हें दलबदल के बाद आरोप मुक्त कर देना,न केवल कथित भ्रष्टाचारियों को आरोप मुक्त करना बल्कि अपने पाले में लाने के बाद इन्हीं भ्रष्ट विपक्षियों को मंत्री, मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री जैसे पदों से नवाजना,विपक्ष को राष्ट्रविरोधी,अयोग्य,देशद्रोही, साबित करने के लिये एड़ी चोटी का जोर लगा देना,स्वास्थ्य,शिक्षा,रोजगार व मंहगाई जैसे जरूरी मुद्दों के बजाये धर्म,जाति,क्षेत्र,खान पान व जीवन शैली जैसे निजी मुद्दों में लोगों को उलझाये रखना,अल्पसंख्यक विरोध की राजनीति के बहाने बहुसंख्य मतों को साधने की कोशिश करना जैसी अनेक कोशिशें वर्तमान समय में सत्ता पक्ष द्वारा केवल इसी एकमात्र उद्देश्य के लिये की जा रही है ताकि किसी भी सूरत में विपक्ष समाप्त हो जाये और उन्हें सत्ता न छोड़नी पड़े। सत्ता की लाख कोशिशों के बावजूद वर्तमान समय में विपक्षी राजनीति की धुरी समझा जाने वाला गांधी-नेहरू परिवार आज भी कश्मीर से कन्याकुमारी तक अपनी पहुँच बनाये रखने वाला तथा प्रतिष्ठा व सम्मान हासिल करने वाला राजनैतिक परिवार है। मोतीलाल नेहरू,स्वरूप रानी नेहरू,कमला नेहरू,जवाहरलाल नेहरू की स्वतंत्रता संग्राम में रही अग्रणी भूमिका से लेकर इंदिरा गाँधी व राजीव गाँधी की कुर्बानियों तक ने यह साबित कर दिया है कि यह कोई ऐसा राजनैतिक घराना नहीं जिसे नजरअंदाज या फरामोश किया जा सके। उत्तर भारत की तुलना में अधिक जागरूक व शिक्षित समझे जाने वाले दक्षिणी राज्यों में आज भी कांग्रेस विशेषकर गांधी नेहरू परिवार की स्वीकार्यता इस बात का प्रमाण है कि देश में इस परिवार की लोकप्रियता आज भी बरकरार है। परन्तु सर्वधर्म समभाव,शांति,प्रेम व अहिंसा जैसी गांधीवादी नीतियों का अनुसरण करने वाली कांग्रेस व गांधी नेहरू परिवार का विरोध भाजपा व इनके संरक्षक संघ परिवार द्वारा प्रत्येक स्तर पर किया जाता रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि जितनी राजनैतिक प्रताड़ना इस परिवार को वर्तमान मोदी सरकार के दौर में झेलनी पड़ी है उतनी पहले कभी नहीं झेली। दर्जनों मुकद्दमों में राहुल को उलझाया गया,पिछली लोकसभा में तो उनकी लोकसभा सदस्यता तक छीन ली गयी। उसके बाद आनन फानन में उनका सरकारी मकान खाली करवा लिया गया। इस परिवार



का केवल मनोबल गिराने के लिये विभिन्न सरकारी एजेंसीज द्वारा सोनिया व राहुल गांधी से घंटों लंबी पूछताछ की गयी,नतीजा शून्य निकला। करोड़ों रुपए राहुल की छवि धूमिल करने व उन्हें 'पप्पू ' साबित करने में खर्च कर दिए गये। भाजपा का पूरा आई टी सेल इसी बात को दुषप्रचारित करने में आज तक लगा हुआ है कि इस परिवार के पूर्वज मुस्लिम थे,यह परिवार मुस्लिम परस्त है,यह हिन्दू विरोधी मानसिकता रखने वाला परिवार है। यह परिवारवादी राजनीति करने वाले लोग हैं। पिछले लोकसभा चुनावों में पूरे देश ने दुष्प्रचार का वह स्तर देखा भी है जबकि भाजपा द्वारा यह प्रचारित किया जा रहा था कि यदि कांग्रेस ( इण्डिया गठबंधन ) सत्ता में आई तो यह राम मंदिर पर बुलडोजर चलवा देंगे,यह फिर से बाबरी मस्जिद बनवा देंगे,यह आपका मंगल सूत्र छीनकर मुसलमानों को दे देंगे।आपकी भैंस खोल ले जायेंगे। नेहरू गाँधी परिवार से इनकी ईर्ष्या का कारण ही यही है कि यह परिवार वास्तविक भारतीय तहजीब का प्रतिनिधित्व करता है। जबकि सत्ता पक्ष संकीर्ण व वैमनस्यपूर्ण विचारों की राजनीति करता है। सत्ता पक्ष के लोग गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे का महिमामंडन करते हैं जबकि कांग्रेस गांधीवादी सिद्धांतों पर चलने वाला दल है। पिछले दिनों लोकसभा में राहुल गांधी को राजनैतिक दुष्चक्र में उलझाने का एक और सुनियोजित षड्यंत्र रचा गया। भाजपा के सांसद पूर्व मंत्री व 'गोली मारो सालों को ' जैसे आपत्तिजनक नारों के आविष्कारक तथा परिवारवादी राजनीति का नमूना अनुराग ठाकुर, सांसद बांसुरी स्वराज और हिमांग जोशी द्वारा पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस थाने में विपक्ष के नेता व सांसद राहुल गांधी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 115, 125 131 और 351 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इसमें नगालैंड से भाजपा महिला सांसद फान्गनॉन कोन्याक का आरोप है कि -'राहुल गांधी उनके 'करीब आ गए थे' और वह असहज हो गई थीं'। इसी तरह बालासोर(ओडिशा) से भाजपा सांसद प्रताप सारंगी ने आरोप लगाया कि "मैं सीढ़ियों पर था। उस समय राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का मारा और वह मुझ पर गिर पड़े इससे मुझे चोट लग गई। " इसी तरह उत्तर प्रदेश के फरुखाबाद के सांसद मुकेश राजपूत ने भी संसद में हुई धक्का मुक्की के बाद अपने सिर में चोट लगने का आरोप लगाया। उधर कांग्रेस पक्ष के अनुसार भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ धक्का-मुक्की की। संसद में यह शर्मनाक दृश्य उस समय देखे गये जबकि गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान निमार्ता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के नाम के साथ कुछ ऐसे शब्द बोल दिये जिससे विपक्ष भड़क उठा। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से भाजपा के ही अनेक मंत्री व सांसद तथा कई वरिष्ठ नेता संविधान बदलने और मनु स्मृति को बतौर संविधान लागू करने की संभावना पर सार्वजनिक रूप से चचाएं करते रहे हैं। परन्तु भाजपा ने इन चचाओं से पार्टी को अलग तो जरूर रखा परन्तु ऐसे नेताओं के विरुद्ध कोई कार्रवाई कतई नहीं की। यहीं से विपक्ष को यह कहने का अवसर मिल गया कि की भाजपा संविधान विरोधी है तथा संविधान को समाप्त करना चाह रही है। तभी से अनेक विपक्षी सांसद सदन में अक्सर संविधान की पुस्तिका हाथों में लेकर उसे प्रदर्शित करते नजर आते हैं। उधर भाजपा भी इस विषय पर असमंजस में रहती है कि यदि वह संविधान या बाबा साहब के विरुद्ध सार्वजनिक व आधिकारिक तौर पर कुछ कहती बोलती है तो जो थोड़े बहुत दलित वोट उसे मिलते हैं वह भी उसके हाथों से छिटक सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि सत्ता पर काबिज रहने की इन्हीं आकांक्षाओं के चलते भारतीय राजनीति घोर अंधकार युग में प्रवेश करती दिखाई दे रही है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपको आर्थिक स्थिति को लेकर यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपने पिताजी से कामों में अच्छा मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे आपके काफी काम बनेंगे। आपको मेहनत से पीछे नहीं हटाना है और अपने आवश्यक खर्चों को कम करने की कोशिश करें। आपको कोई निर्णय जल्दबाजी में लेने से अच्छा है कि थोड़ा सोच विचारकर लें, जिससे बाद में आपको उसके लिए पछतावा नहीं होगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी कोई लंबे समय से अटकी हुई योजना पूरी होगी। विद्यार्थी अपने किसी सब्जेक्ट को लेकर यदि टेंशन ले रहे थे, तो उसके लिए उन्हें अपने सीनियर से बातचीत करने की आवश्यकता है। पूजा-पाठ का आयोजन होने से परिजनों का आना जाना लगा रहेगा। आपको अपने किसी सहयोगी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है, नहीं तो वह इसका फायदा उठा सकते हैं।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। किसी नए काम की शुरूआत करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप कुछ नई चीजों को सीखने की कोशिश करेंगे। बिजनेस में भी आप अच्छा नाम कमाएंगे। आप यदि किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें अपने माता-पिता से आशीर्वाद अवश्य लेकर जाएं। आप किसी नए कारोबार की शुरूआत करने की प्लानिंग कर सकते हैं। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। आपके मन में किसी बात को लेकर शंका रहेगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। परिवार के सदस्यों में आपसी मतभेद होने से माहौल तनावपूर्ण रहेगा। आपको अपने कारोबार में चल रही समस्याओं को दूर करने को लेकर अपने भाइयों से बातचीत करनी होगी। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेगी। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपके इनकम के स्रोत बढ़ेंगे। आपको अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मेहनत से भरा रहने वाला है। आपको कुछ नजदीकी लोगों से मिलने का मौका मिलेगा। यदि आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिले, तो आप उसमें तुरंत आगे ना बढ़ाएं। आपको अपने बिजनेस में कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। पार्टनरशिप में किसी काम को करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। यदि आपको कोई एलर्जी आदि से संबंधित समस्या है, तो उसके लिए किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श लें।

कन्या- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपका कोई सरकारी काम पूरा होने की संभावना है। संतान को आप किसी नए कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं। आपको धैर्य और साहस से काम लेने की आवश्यकता है। आप किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेते समय जल्दबाजी न दिखाएं। वरिष्ठ सदस्यों की सेहत को आप पूरा ध्यान दें। किसी के कहने में आकर आप किसी लड़ाई झगड़े में ना पड़े, नहीं तो इससे आपके आपसी रिश्ते खराब हो सकते हैं। किसी बात को लेकर टेंशन रहेगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। यदि आपका कोई काम रूपए पैसे से संबंधित अटका हुआ था, तब वह भी पूरा हो सकता है। आपको कुछ खास व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आपको किसी भूमि व वाहन की खरीदारी करना अच्छा रहेगा। बिजनेस में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी होगी। किसी नए प्रोजेक्ट को लेकर यदि कुछ रुकावटें चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे मतलब समझ सकते हैं।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष करने के लिए रहेगा। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण बनाए रखना होगा। आपको कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी होगी। आपको अपने कामों में सूझबूझ दिखाकर काम करने की आवश्यकता है। आप किसी काम को लेकर यदि किसी दूसरे पर डिपेंड रहेंगे, तो वह आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश कर सकता है।

धनु- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। आपको कोई बड़ा काम हाथ लगने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको कार्यक्षेत्र में भी किसी काम को लेकर कोई पुरस्कार मिल सकता है। आप कहीं धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं, जिसमें आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपने पारिवारिक मामलों में पूरा ध्यान देना होगा। आप खुद को बेहतर बनाए रखने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको अपने कामों को पूरा करने के लिए कमर कसकर मेहनत करनी होगी। आपको कोई सलाह लेने की आवश्यकता हो, तो किसी अनुभव व्यक्ति से ले। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करते समय आपको जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान देना होगा। जीवनसाथी से यदि किसी बात को लेकर कोई अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। रूपए पैसे से संबंधित मामले में अपने किसी अजनबी पर भरोसा किया, तो वह आपको उस भरोसे को तोड़ सकता है। बिजनेस में आपको समय देना होगा, नहीं तो आपके सहयोगी आपका कोई भारी नुकसान करवा सकते हैं। आपके खर्च भी आपको थोड़ा समस्या देंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को मन मुताबिक काम ना मिलने से थोड़ी टेंशन बनी रहेगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसे आप पूरा करने की कोशिश करेंगे। आपको किसी कानूनी मामले में जीत मिलेगी। आध्यात्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। परिवार के सदस्य भी कामों में आपका पूरा साथ देंगे। आपको आत्मनिर्भर होकर अपने कामों को करना होगा। भाई- बहन से यदि आप कोई मदद लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी।

## रसोईघर बना अखाड़ा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



भारतीय घरों में रसोई वह युद्धभूमि है, जहाँ दिन-रात सास-बहू के विचारधाराओं की ठन-ठन होती रहती है। यह रसोई मात्र गैस चूल्हे और कढ़ाई का संगम नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना का एक ऐसा मंच है, जहाँ हर दिन एक नया नाटक खेला जाता है। आज सुबह सास-बहू आमने-सामने थीं। सास ने गंभीर स्वर में पूछा, ₹बहू, रसोई में क्या बना लेती हो?₹ बहू ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया,माँ जी, रसोई में बीमार होने का बहाना बना लेती हूँ।₹ सास का चेहरा देख ऐसा लग रहा था, जैसे उसके भीतर का ह्यधृतराष्ट्रह्न जाग उठा हो। उसने आसमान की ओर देखते हुए कहा, ₹हे भगवान! ये स्वीगी-जोमाटो की बहू मेरे घर में किस जन्म के पापों का बदला ले रही है?₹ बहू ने तुरंत जवाब दिया, ₹माँ जी, मुझे रसोई में बस आलस आता है, नींद आती है, और कभी-कभी तो चक्कर भी आने लगते हैं। सास की परंपरावादी सोच के लिए रसोई एक तपस्या का स्थान है। उसके लिए बहू का किचन में घुसते ही देवी अन्नपूर्णा बन जाना अनिवार्य है। लेकिन बहू, जो आधुनिक शिक्षा और नारी स्वतंत्रता की आग में तपकर आई थी, उसे रसोई में खड़े होकर आलू छीलना ह्यफ्लॉप शोह्न जैसा लगता था। सास की दुनिया में, रसोई वह अखाड़ा थी, जहाँ बहू को सुबह उठते ही मुकाबला करना था। उसकी परिभाषा में ह्यअच्छी बहूह्न वही थी, जो सब्जी में नमक कम हो, तो सास को दोष दे और ज्यादा हो, तो भगवान को। दूसरी ओर, बहू ने रसोई को ऐसे देखा, जैसे वह उसका सबसे बड़ा दुश्मन हो। सास सोच रही थी, ₹हमारे जमाने में बहुएँ सुबह चार बजे उठकर पूरे घर का काम कर लेती थीं। और आज की लड़कियाँ! इनके लिए सुबह का मतलब दस बजे उठकर कॉफी का कप पकड़ना है।₹ लेकिन बहू भी सोच रही थी, ₹माँ जी को यह नहीं समझ आता कि मैं रसोई में नहीं, ऑफिस में क्रांति करना चाहती हूँ। मुझे गैस के सिलेंडर के साथ नहीं, लैपटॉप के साथ काम करने की आदत है। सास ने बहू की तरफ देखा और तंज कसते हुए बोली, ₹आजकल की लड़कियाँ रोटी बेलने से ज्यादा समय इंस्टाग्राम पर तस्वीरें लगाने में लगाती हैं।₹ बहू ने जवाब दिया, ₹माँ जी, ये इंस्टाग्राम ही है, जिसने हमारी पीढ़ी को रोटी गोल और पनीर की ग्रेवी गाढ़ी बनाना सिखाया है।₹ सास को लगा कि बहू अब हर तर्क का उत्तर दे सकती है। उसने तुरंत सवाल उछाला, ₹लेकिन बहू, ये आलू की सब्जी इतनी फीकी क्यों है?₹ बहू मुस्कुराई और बोली, ₹माँ जी, आपने ही तो कहा था कि नमक कम खाना चाहिए। मैं तो आपकी सलाह का पालन कर रही हूँ। भारतीय घरों की राजनीति का सटीक उदाहरण रसोईघर का अखाड़ा है। यहाँ सास सत्ता में रहती है और बहू विपक्ष में। हर रोटी के साथ बहू अपने अस्तित्व के लिए लड़ती है, और हर सब्जी में सास अपनी परंपराओं की जीत देखना चाहती है। लेकिन इस युद्ध में कोई हारता नहीं, क्योंकि अंत में सास के ताने और बहू के बहाने के बीच, रिश्तों का नमक हमेशा सही मात्रा में घुल जाता है। रसोई में जो रोटियाँ बनती हैं, वह केवल पेट भरने के लिए नहीं होतीं, बल्कि रिश्तों को गूंथने और समाज को जोड़ने का माध्यम भी हैं। सास और बहू के रिश्ते में कुछ न कुछ ह्यजला हुआ और कुछ अधपका होता है।




## गंभीर मुद्दा

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुधार की गुंजाइश या संविधान के नाम पर सिर्फ हंगामा

संजीव ठाकुर

आज राजनीति का स्तर जिस तीव्रता से स्खलित होते जा रहा है। अब उनसे किसी भी तरह की सांस्कृतिक संस्कारी आचार संहिता का पालन करने की उम्मीद और आशा नहीं की जा सकती है। राजनीति दिशाहीन,सिद्धांत-विहीन हो गई है। पद और सत्ता का लालच राजनीतिक पार्टियों का अंतिम लक्ष्य हो गया है। आज जिस तरह से राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव के समय सांसदों की अफरा-तफरी और विधायकों की खरीद-फरोख्त मैं मशगूल हो रही है, जातिवाद अवसरवाद पद लोलुपता सिर चढ़कर बोलने लगी है। निश्चित तौर पर लोकतंत्र शर्मिंदा होकर खंडित होने लगा है। संविधान की निर्मात्री सभा के सपने चूर चूर हो रहे हैं यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छे दूरगामी परिणामों के संकेत नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम जी ने कहा कि लोकतंत्र या प्रजातंत्र शब्द ग्रीक भाषा से अवतरित अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी रूपांतरण है, जिसका सीधा सीधा अर्थ होता है प्रजा अथवा जनता द्वारा परिचालित शासन व्यवस्था। किंतु अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की परिभाषा सर्वमान्य रूप से प्रचलित है जिसके अनुसार प्रजातंत्र या लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा, शासन है। उन्होंने इस कथन के तर्क में कहा क्योंकि मैं गुलाम नहीं होना चाहता,इसीलिए मुझे शासक भी नहीं होना चाहिए, यही विचार मुझे लोकतंत्र की ओर अग्रेषित करता है। मणिपुर की शर्मनाक हिंसात्मक घटना के बाद सारी की सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा गई है और समस्त प्रतिमान धारासाही हो गए दूसरी तरफ राजनैतिक हिंसक घटनाओं के पीछे यदि कारण खोजे जाएं तो राजनीतिक पार्टियों के एजेंडा में ही कई कारण मिल जाएंगे।अफगानिस्तान में तालिबानी आतंकवादियों द्वारा कब्जे के बाद वैश्विक अशांति का दौर चल रहा है, रूस यूक्रेन युद्ध औपनिवेशिकवाद तथा विस्तार वादी मंसूबों का परिणाम ही है । इसके अलावा अधिकांश लोकतांत्रिक देश इस अशांति से भयभीत और घबराए हुए और अपनी आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में लग गए हैं। तालिबान आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जे से तालिबानी सोच पूरे विश्व में धीरे-धीरे फैलआने लगी है। खासकर लोकतांत्रिक देश जहां बोलने, सुनने, कहने और अपनी मनमर्जी करने की आजादी है, वहां लोकतंत्र का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व हिंसा का घिनौना खेल खेलने से नहीं चूक रहे हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर दुर्गा पंडाल पर हमला कर दिया जाता है, यह एक तालिबानी सोच का सबसे बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान में सिखों को चुन-चुन कर मारा जाना भी इसी सोच का परिणाम है। लखीमपुर खीरी में बवाल मचाने वाले अनेक नेता जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यकों के जघन्य हत्याकांड पर अजीब तरीके से चुप



हैं और उनकी सहानुभूति के लिए एक शब्द उनके मुंह से नहीं निकल रहे हैं। आज हर व्यक्ति, हर पार्टी, हर समूह के लिए लोकतंत्र के मायने अलग-अलग हैं। जब तक इनका उल्लू सीधा होता रहता है तब तक यह लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, इनका स्वार्थ सधने के बाद लोकतंत्र हवा में वाष्पित हो जाता है। भारत जैसे विशाल देश में इसे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है, इस देश में जिसकी मूल आत्मा ही प्रजातंत्र, लोकतंत्र है,यही पर यदि लगातार अलोकतांत्रिक घटनाएं होती रहेंगी और अलोकतांत्रिक व्यवहार दर्शित होता रहेगा तो लोकतंत्र की मूल भावना न सिर्फ आहत होगी बल्कि गायब भी होना शुरू हो जाएगी। यहीं से लोकतंत्र के स्खलन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। हम सारी अनुकूल प्रतिकूल परिस्थितियों पर गंभीरता के साथ विचार करें, तो पाएंगे कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जन्मी समस्याओं के पीछे शासन तंत्र नहीं बल्कि जनता के बड़े वर्ग का नेतृत्व करने वाले समूह इसका जिम्मेदार है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा था कि जो लोग शासन करते हैं उन्हें देखना चाहिए कि लोग साथ प्रशासन पर किस तरह प्रतिक्रिया जाहिर करते हैं, क्योंकि प्रजातंत्र में अंतर मुखिया जनता ही होती है, दूसरी तरफ आम नागरिकों का मार्ग प्रशस्त करते हुए कहा कि कानून का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि हमारे लोकतंत्र की बुनियाद एवं उसकी संरचना बरकरार रहे और साथ ही मजबूती के साथ खड़ी रहे। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी कहना है कि लोकतंत्र में जनमत हमेशा निर्णायक होता है और हमें इसे विनम्रता से स्वीकार करना पड़ेगा। हम सभी देशवासियों को प्रजातंत्र की सफलता हेतु सजग एवं सचेत रहकर अपने अधिकारों का सदुपयोग करते हुए अपने कर्तव्यों का भी पूर्ण निष्ठा से पालन करना होगा। जवाहरलाल नेहरु जी ने भी कहा था कि प्रजातंत्र और समाजवाद लक्ष्य पाने के साधन हैं, स्वयं लक्ष्य नहीं। भारत के संदर्भ में लोकतंत्र है प्रजातंत्र के बारे में यही कहा जा सकता है कि यदि जनता अशिक्षित हो या अधिक समझदार ना हो तब प्रजातंत्र की खामियां सबसे ज्यादा सामने आती है। यदि जनता अति शिक्षित एवं समझदार है तो इसे सर्वोत्तम शासन व्यवस्था कहा जा सकता है क्योंकि किस प्रणाली में जनता को अपनी बात रखने का पूर्ण अधिकार प्राप्त होता है। प्रजातंत्र की सफलता के लिए जनता को सजग एवं सचेत रहकर अपने अधिकारों का सदुपयोग कर अपने कर्तव्यों का भी निष्ठा से पालन करना चाहिए।

एक नजर

## जवानों पर नक्सली प्रवक्ता ने 180,000 रुपए लूट कर ले जाने का आरोप लगाया

**सुकमा, 23 दिसंबर।** जिले के जगरगुण्डा एरिया कमेटी के नक्सली सचिव भीमा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रेस नोट जारी किया है। नक्सली सचिव भीमा ने आगे कहा कि आपरेशन के नाम से दुलेड़, रायगुड़ा कैम्प के आस-पास गाँव वाले निर्दोष आदिवासी 64 लोगों को अलग-अलग स्थानों से पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया। इन सभी 64 लोगों को निर्शत रिहा करें। पुलिस के द्वारा आपरेशन करते हुए 16 दिसम्बर को मेट्टागुड़ा गांव को रातों-रात घेराव कर हमला किया। इस हमले में 25 निर्दोष को गिरफ्तार की है। पुलिस ऐसे व्यक्तियों को गिरफ्तार किया छात्र, शिक्षदुत, सेल्स मैन, गांव का मुख्या,वड्डे सिराह भी सामिल है। नक्सली प्रवक्ता भीमा ने आरोप लगाते हुए कहा कि पोडियम देवा का भी 1,80,000 रुपए ले गये है, घर परिवार दुखी से रो रही है। 18 दिसम्बर को करकानगुड़ा भीमपुराम, गोमगुड़ा गांवों पर इसी तरह हमला की है, श्रीमपुराम के 4, करळानगुड़ा से 11व्यक्तियो कों पुलिस द्वारा हिरासत में भेज दिया गया है।तिप्पापुराम गांव का 24 लोगों को सरेण्डर करवाने बहानों में सुकमा बुलाके 11 व्यक्तियों को छोड़कर 13 व्यक्तियों को जेल भेज दी गई है। इसके अलावा माड़वी हुंगा का 8300 रुपये एवं मछली चक्कू वगेराह लूट कर ले गई है। करकानगुड़ा, भीमपुराम जनता द्वारा बाड़ी में बहुत सारे सब्ज लगाई गई थी, जैसे टमाटर,बैंगन मिर्ची. गोरफल्ली,पालक भाजी, लालभाजी, धन्यपति, लौकी, करेला,बरबट्टी, कुम्हड़ा, खीरा मक्का, शक्कर कांदा, बेंडाभाजी बहुत सारे फसल को उखाड़ कर फेक दी है। पानी खींचने का मशिन को भी आग जला दी है।

# दंतेवाड़ा के सभी पर्यटन स्थलों में उमड़ने लगी सैलानियों की भीड़

- माईं दंतेश्वरी मंदिर में प्रतिदिन पहुंच रहे बड़ी संख्या में श्रद्धालु
- शीतकालीन अवकाश होने से माईं की नगरी में लगा सैलानियों का जमघट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 23 दिसंबर।** चंद दिनों बाद ही पुराने साल की विदाई व नये साल का आगाज होने वाला है। इसके चलते इन दिनों दक्षिण बस्तर के पर्यटन स्थलों में भारी भीड़ उमड़ने लगी है। इधर बच्चों की शीतकालीन छुट्टी भी आज से शुरू हो चुकी है। इस लिहाज से भीड़ और भी ज्यादा बढ़ गयी है। सपरिवार लोग पर्यटन स्थलों को निहारने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु प्रदेश के कोने कोने से शक्तिपीठ दंतेवाड़ा पहुंच माईं दंतेश्वरी के दर पर मत्था टेक परिवार में सुख शांति एवं देश की सलामती एवं तरक्की के लिये प्रार्थना कर रहे हैं। माईंजी के मंदिर में श्रद्धालुओं की हर रोज भारी भीड़ उमड़ रही है।

गौरतलब है कि हर साल की तरह इस बार भी बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रदेश सरकार ने स्कूलों में 23 दिसंबर से 28 दिसंबर तक शीतकालीन छुटटी कर दी है। छुटिटयां शुरू होते ही भारी तादात में सैलानी मां दंतेश्वरी के दर्शन एवं आसपास क्षेत्र के पर्यटन स्थलों में घुमने के लिए हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु दंतेवाड़ा पहुंच रहे हैं। दंतेवाड़ा नगरी देश के 52 शक्तिपीठों में से एक है। यहां माईं दंतेश्वरी का विश्व प्रसिद्ध मंदिर है। बीते सप्ताह भर से सैलानियों की संख्या में इजाफा देखा गया है। मंदिर परिसर में नया कारीडोर एवं रीवर फ्रंट बन जाने के बाद से पर्यटकों की संख्या में बढोत्तरी देखी गई है। माईंजी के मंदिर में उत्सव सा नजारा देखने को मिल रहा है। श्रद्धालु हर वर्ष साल के गुजरने एवं नए साल के अवसर पर माईजी से आर्शीवाद लेने दंतेवाड़ा पहुंचते हैं। छुटिटयां भी शुरू हो चुकी है इसी का फायदा उठाते लोग दूर दराज क्षेत्रों से माईजी के दर्शन पूजन के लिये पहूंच रहे हैं। प्रतिदिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग रही है। माईंजी के दर्शन पूजन कर सैलानी बारसूर, ढोलकल, हांदावाड़ा, फूलपाढ़, बैलाडिला, समलूर, गोदगोदा, सातधार, तिरथगढ़, कुटुम्बसर, तूलार आदि पर्यटन स्थलों की ओर भी रूख कर रहे हैं। सैलानियों के भारी तादात में पहुंचने से यहां के व्यवसायी भी गदगद हैं। सैलानियों के आने से होटल व्यवसायियों की चांदी हो गई है। पूजा सामग्री दुकानों में भी अच्छी खासी ग्राहकी देखी जा रही है। आलम यह कि इन दिनों शहर के दोनों दंतेश्वरी धर्मशालाएं, तमाम होटल एवं बस स्टेंड स्थित रैन बसेरा के कमरे सैलानियों से अटे पड़े हैं। धर्मशालाओं में साफ सफाई समेत कई प्रकार की अव्यवस्थाओं के चलते सैलानियों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

## टीम ने एक महिला नक्सली समेत 5 नक्सलियों को गिरफ्तार किया



**सुकमा, 23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर दिनांक 21.12.2024 को थाना चिंतागुफा से डीआरजी, जिला बल एवं कैम्प दुलेड़ से 02 री वाहिनी सीआरपीएफ, व 203 कोबरा वाहिनी की संयुक्त पार्टी ग्राम दुलेड़ व आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुए कि अभियान के दौरान ग्राम दुलेड़ जंगल के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को अपने ओर आते हुए देख कर भागने लगे, जिन्हें पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम क्रमशः 01. मुचाकी हुंगा उर्फ जट्टी पिता स्व हिड़मा (कोण्टा एरिया कमेटी पार्टी सदस्य/पिड़मेल आरपीसी जनताना सरकार स्कूल का शिक्षक ईनामी 02 लाख) उम्र 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी पिड़मेल थाना चिंतागुफा जिला सुकमा (छ0ग0), 02. महिला कवासी गंगी पति स्व0 कोसा (कोंट एरिया कमेटी पार्टी सदस्या/पिड़मेल आरपीसी केएएमएस अध्यक्षा, ईनामी 02 लाख) उम्र लगभग 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी पिड़मेल कोसापारा थाना चिंतागुफा जिला सुकमा, 03. माडवी हिंगा पिता भीमा (मेटागुड़ा आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष) उम्र लगभग 49 वर्ष जाति मुरिया निवासी मेटागुड़ा थाना पामेड़ जिला बीजापुर (छ0ग0), 04 पोडियाम देवा पिता हिड़मा (मेटागुड़ा आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य) उम्र लगभग 48 वर्ष जाति मुरिया निवासी मेटागुड़ा थाना पामेड़ जिला बीजापुर (छ0ग0) एवं 05. मुकेश पोडियाम पिता देवा (नक्सल सप्लायार) उम्र 21 वर्ष जाति मुरिया निवासी मेटागुड़ा थाना पामेड़ जिला बीजापुर (छ0ग0) का होना तथा नक्सल संगठन में उपरोक्त पदों पर कार्य करना बताये। उपरोक्त सभी नक्सल आरोपियों से पूछताछ में थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत 01 ग्रामीण की हत्या पुलिस मुखबिरी के शक में करने की घटना में संलिप्तता रहना पाया गया। घटना के संबंध में पूर्व से थाना चिंतागुफा में अपराध क्रमांक 06/2024 धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज है। उक्त प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए सभी आरोपियों को दिनांक 21.12.2024 को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।इसके अतिरिक्त गिरफ्तार नक्सली मुचाकी हुंगा उर्फ जट्टी पिता स्व हिड़मा (कोण्टा एरिया कमेटी पार्टी सदस्य/पिड़मेल आरपीसी जनताना सरकार स्कूल का शिक्षक ईनामी 02 लाख) उम्र 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी पिड़मेल थाना चिंतागुफा जिला सुकमा (छ0ग0) के विरूद्ध जिले के विभिन्न थानों में कई संगीन मामले दर्ज है।

# सुशासन दिवस कार्यक्रम में 200 से अधिक किसान शामिल हुए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 23 दिसंबर।** कृषक उन्नति योजना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक रविवार को कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा के सभागार में एक दिवसीय सुशासन दिवस सह कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, जनपद उपाध्यक्ष श्री डमरू नाग, जनप्रतिनिधि श्री चौहान, भूतपूर्व सरपंच श्री परदेसी नाग, श्री मुक्का राम नाग, किसान मित्र श्री धरम नाग तथा अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा में जिले के लगभग 200 से अधिक किसानों ने सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। कृषि विभाग के उप संचालक श्री पीआर बघेल ने कृषि के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया व रासायनिक उर्वरक का उपयोग कम से कम करके जैविक खाद का उपयोग करने कहा। केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रमुख श्री एचएस तोमर ने रबी फसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही बैंगन, टमाटर एवं अन्य सब्जियों के उत्पादन तकनीक के बारे में किसानों को जानकारी प्रदान की। पौध रोग विशेषज्ञ श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप ने रबी फसलों में लगने वाले बीमारियों व उसके प्रबंधन के बारे में किसानों को सचेत रहने की शिक्षा प्रदान की।

इसी तारतम्य में छिंदगढ़ विकासखण्ड में भी सुशासन दिवस के अवसर पर कृषक गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित कर प्रगतिशील कृषकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कृषकों को विभिन्न योजनाओं एवं उन्नत कृषि की जानकारी देकर लाभदायक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में श्री मनोज दूधी समिति अध्यक्ष ,जनप्रतिनिधि श्री चिरजिवी मांडवी छिंदगढ़, श्री अमर पोयम, श्री देवाराम, सरपंच गंजेनार, श्री सोमाराम सरपंच चिपुरपाल श्री आयताराम, श्री रामलाल ध्रुव उपस्थित थे। कार्यक्रम में कृषकों को मत्स्य पालन से संबंधित मार्गदर्शन डॉ संजय सिंह राठौर वैज्ञानिक, कृषि यंत्रीकरण के संदर्भ में डॉ परमानंद साहू वैज्ञानिक कृषि अभियांत्रिकी कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा एवं खेती संबंधी मार्गदर्शन श्री नरेश कुमार साहू वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के द्वारा प्रदान किया गया। कोंटा विकासखण्ड में भी किसान गोष्ठी सह सम्मेलन कार्यक्रम कृषि विभाग के नेतृत्व में सामुदायिक भवन कोंटा में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करवाना है। इसके साथ ही 12 समितियों के अनुसार टॉप किसानों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित करना है। कृषक गोष्ठी मे कृषि विज्ञान केन्द्र के कीट वैज्ञानिक डॉ योगेश कुमार सिदार ने केंद्र की भूमिका व फसलों लगने वाले कीड़े व बीमारी का एकीकृत कीट प्रबंधन के संदर्भ में बताया। सहायक मृदा परीक्षण अधिकारी श्री कैलाश मरकाम ने कृषि विभाग की नई योजनाओं के बारे में कोंटा के किसानों को विस्तार से बताया। विभाग से वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी संतोष तालाडी, श्री विनोद पटेल एवं कृषक मित्र उपस्थित हुए।

## कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा में एक दिवसीय सुशासन दिवस आयोजित



**सुकमा, 23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के ग्राम पंचायत मुरतोंण्डा में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा में एक दिवसीय सुशासन दिवस आयोजित।कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा में जिले के किसानों ने भारी संख्या में किसानों के द्वारा सुशासन दिवस में भाग लिया गया इसी दौरान कृषि के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को कृषि विभाग की नई योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा में पी आर बघेल ने बताया कि रासायनिक खाद कम से कम में उपयोग करके जैविक खाद का उपयोग करना चाहिए गाय का गोबर एवं मलमूत्र को भी इक्ट्ठा करने के बाद खेत में उपयोग करने से किसानों को अच्छी फसल उपजाऊ होगी यूरिया जैसे खादो का उपयोग करने से जमीन की नमी खराब होकर आने वाले 20-30 वर्षों में जमीन बंजर होती जाएगीकेंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रमुख एच. एस. तोमर ने केंद्र की भूमिका और रबी फसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही रासायनिक खाद का कम से कम उपयोग कर जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया साथ ही बैंगन, टमाटर, एवं अन्य सब्जियां के बारे में प्रकाश डालते हुए किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है.और पंजाब जैसे राज्यों के किसानों का उदाहरण देते हुए जिले के किसानों को सुशासन दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान किसानों साथ में किसान मित्रों की भी मौजूदगी रही है।

## पोषक विद्यालय संपर्क अभियान चलाकर छात्रों को किया जागरूक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 23 दिसंबर।** पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के अंतर्गत शनिवार को महाविद्यालय के पोषक विद्यालयों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य प्राप्ति हेतु कुशल एवं योग्य युवाओं की कमी को पूर्ण करना है। अतः इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अधिक से अधिक छात्रों को उच्च शिक्षा में अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में उच्च शिक्षा में छ.ग. राज्य की सकल नामांकन अनुपात 19.6 है। उसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 2035 तक 50 प्रतिशत करना है । अतः पोषक विद्यालयों में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी उच्चतर माध्यमिक के 11वी एवं 12वी मे विद्यार्थियों के मध्य प्रचार-प्रसार कर स्वीकृत सीट के विरूद्ध शत प्रतिशत नामांकन दर्ज कराने हेतु पोषक विद्यालय संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य प्रो. डी सुरेशबाबु ने कहा कि हमें अपने जीवन एवं वर्तमान स्थिति को देखते हुए, उच्च शिक्षा अनिवार्य रूप से ग्रहण करना चाहिये। आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कौशल एवं क्षमता विकास आधारित एवं बहुविषयों का अध्ययन कर अपने आप को रोजगारपरक बना सकते है । उसी प्रकार से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कोण्टा प्राचार्य श्री बीएल ओरसा ने कहा कि इस अभियान से विद्यार्थियों एवं पालकों में उच्च शिक्षा अध्ययन के प्रति जागरूता बढ़ेगा। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कुल कोण्टा के प्राचार्य श्री के सी मिश्रा ने कि वर्तमान युग प्रतिस्पर्धात्मक है इसलिये हमें निरंतर अपने कैरियर के प्रति सचेत एवं गभीर होकर शिक्षा ग्रहण करना चाहिये, जिससे हमारा भविष्य उज्जवल हो । प्रश्नोत्तरी तथा अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों के जागरूकता कार्यक्रम का संचालन पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रो. शशिकांत ध्रुवे एवं प्रो. दुष्यंत कुमार ने किया ।

## अधिकारियों की लापरवाही से बालक आश्रम मरईगुड़ा व गंगरेल में बच्चों के बैठने के लिए टाटपट्टी तक नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 23 दिसंबर।** जिले की कोंटा ब्लाक अंतर्गत बालक आश्रम मरईगुड़ा वन और बालक आश्रम गंगरेल का स्कूल संचालक एक ही परिसर में होता है। छात्रों को बैठने के लिए टाट पट्टी की व्यवस्था नहीं है, फटी हुई टाट पट्टी में बच्चे बैठ रहे हैं, टाट पट्टी नहीं होने से बच्चे जमीन पर बैठकर के लिए मजबूर है। अक्सर देखने को मिलता है कि जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा है जो छात्रों को भुगतना पड़ता है, छात्र इस ठंडी के मौसम में खाली जमीन पर बैठकर अध्यापन कार्य कर रहे हैं। छात्रों ने बताया कि बैठने के लिए जो टाट पट्टी और दरी है वह फट चुका है इसीलिए बाकी बच्चे जमीन पर बैठ रहे हैं। कक्षा पांचवी के बच्चों के लिए दरी की व्यवस्था है, बड़े बच्चे बैठ रहे हैं और छोटे बच्चों के पास दरी फटी हुई है, जिसमें से आधे बच्चे ही बैठ पाते हैं आधे जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते हैं।दोनों आश्रम शालाओं के बच्चे की संयुक्त कक्षा तीसरी में देखने को मिला कि कई बच्चों के पास गणेश की स्थिति भी बुरी है, कई बच्चों के गणेश के बटन टूटे हुए हैं तो एक बच्चे की शर्त भी फट चुका है, लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार आश्रम अधीक्षक इन बच्चों को गणवेश देना भी जरूरी नहीं समझते, केवल खाना पूर्ति कर बच्चों को आश्रम में रखा गया है। जिसकी वजह से शासन द्वारा मिलने वाली योजना से भी बच्चे को लाभ नहीं मिल रहा है आखिर हर साल पैसे पानी की तरह बाहर जाता है और बच्चे फटे पुराने गणवेश पहनने के लिए मजबूर है। आरोप लगने के बाद भी बच्चों को नहीं मिला शुद्ध पेयजल।शान द्वारा लख रुपए आश्रम छात्रावास में आरो का प्लांट स्थापित किया गया है लेकिन उसके बाद भी तारों को लगाने में महज संबंधित एजेंसी के द्वारा खानापूर्ति कर दिया गया है एक से दो दिन आरो बड़ी मुश्किल से चला उसके बाद आरो का बंद पड़ा है और बच्चों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है वह डायरेक्ट बोरवेल का पानी पीने के लिए मजबूर है, आरो का मरम्मत करने के बाद भी ठीक नहीं हो पाया और यह करीब साल भर से बंद पड़ा हुआ है।

## जिला स्तरीय खेल महोत्सव में 350 से अधिक छात्रों ने लिया भाग



**सुकमा, 23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जिलास्तरीय खेल महोत्सव का आयोजन पुराना कलेक्ट्रेट भवन में किया गया। महोत्सव का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हरीश कवासी, श्री विश्वराज चौहान, संजय सोढ़ी, श्री नूपुर वैदिक एवं श्री विवेक यादव की उपस्थिति में किया गया। युवा महोत्सव में विभिन्न विधाओं के अंतर्गत विकासखंडस्तरीय खेल महोत्सव के विजेता प्रतिभागियों के द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी गई।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हरीश कवासी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद को प्रेरणास्त्रोत मानकर सभी युवा अपने कठिन परिश्रम और लगन से अपना लक्ष्य हासिल करें। जीवन में पढ़-लिखकर आगे बढ़ें और क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करें। इसी तरह से जनप्रतिनिधि श्री विश्वराज चौहान, संजय सोढ़ी और श्री नूपुर वैदिक ने भी छात्रों को कठिन परिश्रम और लगन के साथ शिक्षा के क्षेत्र आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सामूहिक लोकनृत्य में छिंदगढ़ विकासखंड से डेविड व साथियों ने बेहतर प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह से सामूहिक लोकगीत में नवोदय विद्यालय सुकमा, कविता में कु. श्रेया चांडक, चित्रकला में हिरमा मंडावी, कहानी लेखन में आकांक्षा चंद्रवंशी, विज्ञान मेला में सेजेस सुकमा, कृषि मेला में सेजेस सुकमा हिंदी, व्यक्तिगत लोकनृत्य में प्रियंका बट्टी, तात्कालिक भाषण में शिवानी परिहार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को जनप्रतिनिधियों के द्वारा ट्राफी, प्रमाण पत्र और नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री दादा जोकाल, प्राचार्य श्री सिदार, जिला खेल अधिकारी श्री वीरुपाक्ष पौराणिक, सुश्री रेशमा परवीन, सुशील मरकाम, श्रीमती अनिता, श्री दीपक, श्री अनिल और नेहरु युवा केंद्र संगठन के सदस्य सहित शिक्षकगण और छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सिविल ठेकेदार से 4400 की लूट

**भिलाई ।** भिलाई तीन थाना क्षेत्र के सुनीता गोयल का प्लाट नंबर 97 इंजीनियरिंग पार्क हथखोज में के चार दीवारी निर्माणकर्ता सिविल कांट्रेक्टर से बीती रात्रि चाकू की नोक पर लूट की वारदात हुई लुटेरे सिविल ठेकेदार की जेब से 4400 लूट कर फरार हो गए इस दौरान कार में सो रहे पीड़ित को आरोपी ने जगाया और कार से बाहर आने के लिए मजबूर किया कार से बाहर आते ही घटना को अंजाम दिया गया

प्रार्थी एजाज असलम 44 वर्ष पिता स्व मोहम्मद लतीफ अंसारी एलआईजी 60, हाउसिंग बोर्ड उमदा में रहता है सुनिता गोयल का प्लाट नंबर 97 इंजीनियरिंग पार्क हथखोज में कंपनी के फाउंडेशन, बाउंड्रीवाल का काम एजाज के देख रेख में चल रहा है। वहीं काम करने वाला मिस्त्री हेमंत भारती एवं एजाज रात्रि में निर्माण अधीन स्थल पर देख रेख का काम करते हैं। 21 दिसंबर को एजाज रात्रि में घर से इंजीनियरिंग पार्क हथखोज कार से गया था, हेमंत भारती भी आया था, लगभग रात्रि 11.00 बजे हेमंत भारती फाउंडेशन के अंदर बने झोपड़ी में सोने चला गया और एजाज अपने कार में सो रहा था 22 दिसंबर को रात्रि करीबन 02.05 बजे एक अज्ञात व्यक्ति एजाज कार के पास आया और कार के दरवाजा को जोर जोर से पीटने लगा तब एजाज ने कार का दरवाजा खोला तो सामने एक व्यक्ति जो अपने हाथ में चाकु रखा था ।चाकु दिखाकर तुम्हारे पास जो भी है दे दो नहीं तो तुम्हे जान से मार दूंगा कहकर धमक ने लगा जब एजाज के पास से कुछ भी हासिल नहीं होने पर चाकु से एजाज पर हमला कर दिया पीछे हटकर एजाज ने स्वयं को बचाया उतने में ही उसके अन्य दो साथी भी कार के पास आये ।

## अबूझमाड़ के बासिंग में नाकआउट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर, 23 दिसंबर।** नारायणपुर जिले के घोर नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ के बासिंग में युवाओं द्वारा दूरस्थ अंचल की खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से पिछले दो सालों से ग्रामीण स्तरीय नाक आउट टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करती आ रही है युवाओ के उत्साह व जोश को देखते हुए इस वर्ष भी प्रतियोगिता को सफल बनाने में इन युवाओं का साथ इस इलाके में तैनात पुलिस बल भी दे रहे है और पुलिस हेलीपेड को मैदान बनाकर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ताकि ग्रामीण अंचल की प्रतिमा छुपी ना रहे और ये आगे आकर गांव , राज्य व देश का नाम रौशन कर सके और लालगढ़ कहे जाने वाले अबूझमाड़ की छवि बदल सके । इस क्रिकेट प्रतियोगिता कापहला मुकाबला कच्चापाल और मुरनार के बीच खेला गया।

नारायणपुर जिला मुख्यालय से 18 किलोमीटर दूर अबूझमाड़ के घन घोर जंगलो के बीच बसा गांव बासिंग गांव के युवा यहां की तस्वीर को खेल के माध्यम से बदलने और इस अंचल के युवाओं में छुपी खेल प्रतिभा व खेल के बारे में जानकारी देने की कोशिश में लगे हुए है । जिसके लिए ये युवा ग्रामीण स्तरीय नाक आउट टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पिछले दो सालों से करते आ रहे है इस आयोजन में सुरक्षा में तैनात पुलिस बल भी दे रहे ताकि युवा खेल के माध्यम से जुड़े रहे और अन्य गतिविधियों से बचे रहे ।इस प्रतियोगिता में दूरस्थ अंचल के गांव , कुंदला , सोनपुर , कोहकामेटा , किहकाड , इरकभट्टी , कुतुल , बासिंग , कुरूशनार , कानागांव , किहकाड़, कुंदला , टूटाखार, सरगीपाल , मोहंदी , कोडोली , झारवाही, कस्तूरमेटा , मेटानार, बासिंग कैंप जैसे गांवो की 30 टीमें भाग लेने पहुंचती है और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर लोगो का मनमोह लेते है । बासिंग के युवाओं का कहना है कि इस प्रतियोगिता के आयोजन के पीछे उनका उद्देश्य ऐसे दूरस्थ अंचल की छुपी प्रतिभा को सामने लाना और युवाओ को खेल के बारे में जानकारी देकर उन्हें जोड़ना है । घोर नक्सल प्रभावित गांव से क्रिकेट खेलने आए युवाओं का कहना है कि गांव में फोर्स की तैनाती के बाद से सड़क मार्ग बनने लगा और विकास के कार्य भी होने लगे है साथ ही इलाके का माहौल बदलने से युवा खेल में आगे आ रहे है आसपास के गांव वाले एक दूसरे के गांव में जाकर खेल रहे है जो काफी अच्छा है । अबूझमाड़ मै तैनात पुलिस फोर्स द्वारा दूरस्थ अंचल के युवाओं द्वारा खेल के प्रति युवाओ को जागरूक करने का कार्य सराहनीय है ऐसे आयोजनो को बढ़ावा देने के लिए मदद करती रहती है ताकि यहां बदलाव की ब्यार आये । नक्सल गढ़ के नाम से पहचाने जाने वाले अबूझमाड़ में बदलाव लाने यहां के युवा खेल के माध्यम से इलाके के युवाओं को जोड़ने व उनकी छिपी प्रतिभा को सामने लाने का जो काम कर रहे है वो काबिले तारीफ है ।

## माओवादियों के मांद गोमुगुडा नवीन कैंप स्थापित

**सुकमा, 23 दिसंबर।** जिला सुकमा के माओवादी के PLG बटालियन के कोर क्षेत्र ''गोमगुड़ा'' में स्थापित किया गया नवीन सुरक्षा कैम्प।छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ''नियद नेल्ला नार'' योजना अन्तर्गत किया गया है सुरक्षा कैम्प का स्थापना । नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापना होने से माओवादी के PLG बटालियन के सुरक्षित गढ़ में माओवादी के विरूद्ध अभियान संचालन करने में आसान होगा। नवीन कैम्प स्थापित होने से कैम्प के आस-पास क्षेत्रों में निवासरत् आम जन लोगों को शासन के मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल पायेगा।

**एक नजर**

### सरवानी में आयोजित पशु मेला में उत्कृष्ट पशुपालक सम्मानित



**रायगढ़, 23 दिसम्बर।** विकासखंड रायगढ़ के ग्राम-सरवानी में गोपूजन, पशु मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने चरवाहों एवं उत्कृष्ट पशुपालकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पशु मेला एवं प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के पशु पक्षी को रखा गया था। जिसमें घड़ी लाल पटेल का घोड़ा और सुंदरलाल का भेड़ा आकर्षण का केंद्र था। पशुओं के अलग-अलग वर्ग में पुरस्कार भी दिया गया जिसमें दुधारू पशु श्रेणी में चूड़ामणि पटेल को-प्रथम, त्रिलोचन पटेल-द्वितीय एवं नवीन पटेल को तृतीय पुरस्कार दिया गया। दुधारू पशु वर्ग में ही टीकाराम पटेल, उमाशंकर पटेल एवं चेतन पटेल के गायों को भी पुरस्कृत किया गया।इसी प्रकार शंकर बछिया श्रेणी में रेहलाल पटेल, रोहित पटेल, अजय पटेल, चूड़ामणि पटेल को पुरूस्कृत किया गया। स्वस्थ बछड़ा श्रेणी में सौरभ पटेल एवं बृजेश पटेल को दिया गया। दुधारू भैंस में सौरव पटेल एवं लाल बहादुर को दिया गया, भैंस जोड़ी के लिए हीरासाय निषाद को, भेड़ एवं बकरा प्रजाति में बिहारी लाल सिदार, सुंदरलाल पाव एवं रमेश कुमार को दिया गया। बत्तख में रेशम लाल पटेल, खरगोश के लिए विनय पटेल एवं घोड़ा के लिए घड़ी लाल पटेल को पुरस्कार दिया गया। डॉक्टर पूरन पटेल के द्वारा बताया गया कि पशु पालकों में जागरूकता एवं प्रति स्पर्धा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से शासन के द्वारा पशु मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ विनोद अग्रवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री लक्ष्मण नायक, श्री घड़ी लाल पटेल, श्री लोचन पटेल, डॉ.डी.एन चौधरी, डॉ विनोद अग्रवाल, डॉ पूरन पटेल, डॉ अनिल पटेल, डॉ नरेंद्र नायक, श्री अवधेश पटेल उपस्थित रहे।

### उपार्जन केंद्र से धान परिवहन कर रहे मिलर के ट्रक में लगी आग

**रायगढ़, 23 दिसम्बर।** कल देर शाम धान खरीदी के उपरांत समिति से मिलिंग के लिए धान उठाव कर लेकर जा रहे ट्रक में कुसमुरा के पास आग लग गई। ट्रक के केबिन में मेकेनिकल फाल्ट के चलते आग लगी। जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर फायर ब्रिगेड द्वारा ट्रक में लगी आग पर काबू पाया गया। जिला खाद्य अधिकारी श्री खुमेश्वर सिंह ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। ट्रक में मिलर द्वारा समिति से उठाव कर 700 बोरी धान मिलिंग के लिए परिवहन किया जा रहा था। प्राथमिक आंकलन में आग लगने से करीब 100 बोरी धान के जलने की आशंका है। शेष 600 बोरी धान सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि मिलर द्वारा डीओ जारी करवा कर धान का उठाव किया गया था और इस दुर्घटना से शासकीय संपत्ति को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा है।

### ग्राम टांगा पासा में 150 कट्टा अवैध धान सहित वाहन जब्त



**महासमुंद,23 दिसंबर।** बसना ब्लॉक के ग्राम टांगा पासा में अवैध धान के कारोबार पर कार्यवाही करते हुए एसडीएम मनोज खांडे और उनकी संयुक्त टीम ने आधी रात में छापामार कार्रवाई की। टीम ने 150 कट्टा अवैध धान, एक ट्रैक्टर और माजदा वाहन जब्त किया।सूत्रों के अनुसार, भटगांव क्षेत्र के धान कोचिया चंदन पटेल द्वारा जंगल के रास्ते अवैध धान का परिवहन किया जा रहा था। यह धान दलदली क्षेत्र के वन विभाग द्वारा बनाए गए रास्ते से होकर बसना पहुंचाया जा रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि धान माफिया ने इस मार्ग को सुगम बनाने के लिए मरम्मत भी कराई थी। इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण पुलिया धंसने की स्थिति में पहुंच गई है।कार्रवाई के दौरान यह भी पता चला कि चंदन पटेल की कई वाहनें बिना नंबर प्लेट के धान परिवहन में लगी हुई हैं। हालांकि, इस अभियान में टीम केवल एक माजदा वाहन को जब्त करने में सफल रही।अवैध धान और जब्त वाहनों को टांगा पासा के धान खरीदी केंद्र प्रभारी सेवन चौधरी को सुपुर्द कर दिया गया है। एसडीएम ने स्थानीय कोटवार और पटवारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।इस कार्रवाई में बसना मंडी उपनिरीक्षक दिनेश यादव, पटवारी देवांगन और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### 292टीबीमुक्त पंचायतों के साथ महासमुंद जिले ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**महासमुंद,23 दिसंबर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत महासमुंद जिले की 292 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इस अद्वितीय उपलब्धि के साथ महासमुंद जिले ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता और टीम वर्क का प्रतीक है।मेडिकल कॉलेज रायपुर के सभागार में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने महासमुंद जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया ने इस उपलब्धि के लिए जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों और अन्य सहयोगी विभागों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सभी की प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों की अहम भूमिका रही है।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विकास चंद्राकर ने बताया कि नियमित जांच, समर्पित इलाज और जन जागरूकता अभियान के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी है।

# गिरीश शर्मा भोपाल में भारत भूषण राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 23 दिसंबर।** भोपाल में आयोजित एक समारोह में गिरीश शर्मा को भारत भूषण राष्ट्रीय अवार्ड सम्मानित किया गया. मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित इस राष्ट्रीय कांफ्रेस समिट एवं एवार्ड समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री सम्मान से सम्मानित डॉक्टर विजय कुमार शाह थे तथा समारोह में विशेष रूप से एयर कमोडियर सलमान अख्तर उपस्थित थे।

भोपाल में आज नेशनल कांफ्रेंस समिट एवं भारत भूषण राष्ट्रीय अवार्ड का आयोजन किया गया जिसमें पूरे देश के विभिन्न प्रांतों से अलग अलग क्षेत्रों मे उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों का सम्मानित किया गया, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र मे विशेष योगदान के लिए गरियाबान्द के प्राथमिक शाला खट्टी के सहायक शिक्षक गिरीश शर्मा को भारत भूषण राष्ट्रीय अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया. इस समारोह में महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, जम्मू, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा ,केरल, कर्नाटक, उत्तराखंड, दिल्ली, मध्यप्रदेश आदि राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट लोगों का भी सम्मान किया गया. उल्लेखनीय है इससे पूर्व भी गिरीश शर्मा को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षा दूत सम्मान, जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान, कोविड 19 में आन लाइन क्लास एवं मोहल्ला क्लास के लिए शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा सम्मान, विभिन्न जिला स्तरीय शासकीय समारोह में मंच संचालन के साथ ही अनेक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता के लिए, विद्यालय में प्रिंट रिच वातावरण, नवाचार आदि के लिए संकुल, विकासखंड एवं जिला स्तर पर सम्मान, इंदौर (मध्यप्रदेश) में भारत श्री राष्ट्रीय अवार्ड 2023, अयोध्या (उत्तरप्रदेश) में स्वदेश भारत सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है. भारत भूषण राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किये जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत, शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर आर. के. तलवरे, डाक्टर जी . एस .दास , जिला मिशन समन्वयक के. एल. नायक, सहायक जिला सांख्यिकिय अधिकारी श्याम चंद्राकर, ए.पी .ओ . बुद्ध विलास सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र ध्रुव, सी. एल. तारक, डाक्टर नीलाम्बर पटेल, डाक्टर सत्यम कुंभकार, विकासखंड स्रोत समन्वयक तेजेश शर्मा , संकुल प्राचार्य श्रीमती रेखा शुक्ला, संजीव साहू, परमेश्वर निर्मलकर , शिवेस शुक्ला, नितिन एच . बखारिया , दल प्रसाद साहू,देवेन्द्र पांडेय, चैन सिंह यादव, दीपक सरवैया, सलीम मेमन,नारायण चंद्राकर, होरी लाल साहू, देवेन्द्र कांशी आदि ने बधाई दी है।

## छग वॉलीबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश गागड़ा चुने गए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 23 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्टेट वॉलीवाल एसोसिएशन की वार्षिक कार्यकारणी का भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह जी, छत्तीसगढ़ ओलपिंक संघ के पर्यवेक्षक प्रशांत रघुवंशी जी व खेल व युवा कल्याण विभाग के पर्यवेक्षक प्रवेश जोशी जी के उपस्थिति व मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। दरअसल आज रायपुर स्थित ट्रीटोन होटल में छत्तीसगढ़ वॉलीवाल एसोसिएशन का गठन किया गया है। इस एसोसिएशन का अध्यक्ष छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री महेश गागड़ा जी को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया है। यह कार्यकारणी समय लगभग चार वर्षों का होता है। इस कार्यकारणी में बारह लोगों की सदस्यता होती हैं, जिसमें अध्यक्ष से लेकर कार्यकारणी सदस्य होते हैं।

**पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा**

खेल हमारी जीवन का गुणवत्ता बढ़ती है।
खेलने से हमारी रचनात्मक सोच शक्ति बढ़ती है।
खेल देशों को एकजुट करते हैं,और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं।
खेल आयोजन दुनिया भर में शांति और एकता का संदेश फैलाते हैं.खेलने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। खेलने से मांसपेशियां मज़बूत होती हैं, रक्त प्रवाह तेज़ होता है, पाचन शक्ति बढ़ती है, और त्वचा स्वस्थ रहती है। मैं पूरी एसोसिएशन की टीम और पदाधिकारियों को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ। और ख़ास कर आये हुए कुस्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह जी,खेल युवा कल्याण विभाग के पर्यवेक्षक प्रवेश जोशी जी व ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक प्रशांत रघुवंशी जी को जो मुझे इस नए एसोसिएशन में नए दायित्व प्रदान किये और भरोसा जताया हैं।

छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीवाल एसोसिएशन के 12 लोगों की दिया गया नया दायित्व।
**अध्यक्ष-** महेश गागड़ा जी,पूर्व मंत्री छ.ग.शासन।
**उपाध्यक्ष-**सतेंद्र पाण्डे,मो.अकरम खान,रूबी गरचा,अजय गोयल,दिवेश निषाद,विजय चन्द्रवंशी,निर्मल सिंह,रेखा पदम सचिव-हेम प्रकाश नायक,हरमेश चावड़ा,दिनेश सिंह।
**कोषाध्यक्ष-सुशील गर्ग जी**
**संयुक्त सचिव-** नितिन पांडेय जी,ममता गुप्ता दीपक प्रधान,सुभाष कादर जी बने हैं।

## माओवादियों के पीएलजीए बटालियन नंबर -1 के कोर क्षेत्र वाटेवागु में नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना



**बीजापुर, 23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बीजापुर में एक नए सुरक्षा कैम्प वाटेवागु की स्थापना की गई है, जो कि माओवादियों के पीएलजीए बटालियन के कोर क्षेत्र में आता है। यह नवीन सुरक्षा कैम्प छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित नियद नेल्ला नार योजना के तहत स्थापित किया गया है । इस नए सुरक्षा कैम्प की स्थापना से माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही में मदद मिलेगी और क्षेत्र में निवासरत आम लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल पाएगा । कैम्प स्थापना के साथ ही केरिपु मेडिकल यूनिट द्वारा मेडिकल कैम्प लगाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की गई और निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। नवीन सुरक्षा कैम्प वाटेवागु की स्थापना से क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल बना हुआ है।जिला बीजापुर के अंदरूनी क्षेत्रो में नक्सल उन्मूलन एवं विकास कार्यो को गति प्रदान करने के उद्देश्य से श्री सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, जगदलपुर (छ0ग0), श्री राकेश अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक, केरिपु रायपुर सेक्टर, श्री कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ा, श्री देवेन्द्र सिंह नेगी केरिपु उप महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स सेक्टर बीजापुर के मार्ग-दर्शन एवं डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक, जिला बीजापुर, श्री सरकार राजा रमन, कमांडेंट 170 वाहिनी केरिपु, श्री अमित कुमार कमांडेंट कोबरा 202, श्री अशोक कुमार कमांडेंट 210 कोबरा वाहिनी, श्री नरेश पवार कमांडेंट कोबरा 205 के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित ''नियद नेल्ला नार÷ योजना के तहत माओवादियों के पीएलजीए बटालियन नम्बर 01, कोर क्षेत्र में नवीन सुरक्षा कैम्प ''वाटेवागु÷ दिनांक 20/12/2024 को स्थापित किया गया। यह कैम्प माओवादियो के पीएलजीए बटालियन के सुरक्षित क्षेत्र में स्थापित किया गया है और इसका उद्देश्य क्षेत्र में माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करना और आम जनों तक विकासात्मक कार्यों और मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है।क्षेत्र में सड़क मार्ग का विस्तार और पुलों का निर्माण किया जाएगा ताकि आम जनता को आसानी से आवागमन की सुविधा मिल सके। क्षेत्र में बिजली और पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि लोगों को इन मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा ताकि लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। क्षेत्र में पीडीएस दुकानें खोली जाएंगी ताकि लोगों को राशन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुविधा उनके गांव में ही मिल सके। क्षेत्र में अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। क्षेत्र में मोबाइल कनेक्टिविटी का विस्तार किया जाएगा ताकि लोगों को मोबाइल सेवाओं का लाभ मिल सके। नए कैम्प की स्थापना से क्षेत्र में आम-जनों में खुशी का माहौल बना हुआ है।

## सुशासन सप्ताह में प्रशासन ने घर-घर पहुंच कर लोगों को वितरित किया जाति एवं निवास प्रमाण पत्र



**रायगढ़, 23 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में सुशासन सप्ताह 2024 के तहत प्रशासन गांव की ओर जन शिकायतों के निवारण और सेवा वितरण में सुधार के लिए जिले में सुशासन सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है।

जिसके तहत विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिसमें तहसीलदारों द्वारा हितग्राहियों के घर पहुंचकर उन्हें देय किसान किताब, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र अथवा पारित राजस्व आदेश की सत्यप्रति प्रदान करना, पीवीटीजी ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना, विद्यालयों में सुशासन विषय पर निबंध लेखन, वाद विवाद प्रतियोगिता, जिले के एकलव्य विद्यालयों तथा प्रयास विद्यालय में सुशासन विषय पर निबंध लेखन, वाद विवाद, संगोष्ठी एवं पेंशन प्रकरण अथवा अनुकंपा नियुक्ति संबंधी लंबित प्रकरण का नियमानुसार त्वरित निराकरण, महतारी वंदन योजना से समाज में आए आर्थिक एवं सामाजिक विकास संबंधी परिवर्तनों पर प्रदर्शनी के साथ ही महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री के नाम पर प्राप्त पाती का हितग्राहियों के बीच वचन जैसे गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

इसी क्रम में आज सुशासन सप्ताह के अवसर पर तहसीलदार श्री विकास जिंदल एवं हल्का पटवारी श्री संतोष साहू द्वारा हितग्राही तहसील तमनार अंतर्गत ग्राम पड़ीगांव निवासी ऐश्वर्या राठिया पिता श्री धनेश्वर राठिया का जाति प्रमाण पत्र एवं जागेश्वर राठिया पिता श्री धनेश्वर का निवास प्रमाण पत्र घर जाकर सौंपा। इसी प्रकार तहसील घरघोड़ा अंतर्गत तहसीलदार घरघोड़ा श्री मनोज कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार श्री सहोदर राम पैंकरा द्वारा जाति प्रमाण पत्र हितग्राहियों को उनके घर पहुंचकर प्रदान किया गया। प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए पालकों एवं बच्चों ने प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित

### बड़ेहरदी में जोन स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित



**रायगढ़, 23 दिसम्बर।** बच्चों में शारीरिक, शैक्षणिक व सांस्कृतिक विकास हेतु विकास खंड पुसौर में शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में पंचपारा जोन में भी जोन स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। खेल प्रतियोगिता के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संकुल सोडेकेला बडेहरदी एवं पंचपारा संकुल के अठारह स्कूल सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए। खेल प्रतियोगिता के साथ शैक्षणिक प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ओवरआल चैम्पियनशिप का खिताब सोडेकेला संकुल के नाम रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बड़ेहरदी के सरपंच सुधांशु साहू, मंडी अध्यक्ष मुक्तेश्वर पंडा, बोधराम राम साव, उप संरपच मनोज गुप्ता, ब्रांच मैनेजर श्री मधुकर श्रीवास्तव एवं ग्राम पंचायत बड़ेहरदी के समस्त पंच व ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस दौरान ग्राम वासियों की ओर से 21 ग्राम के बच्चों को बाल भोग के रुप मे खाना खिलाया गया।

### विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 24 को

**रायगढ़, 23 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार युवाओं को सास्कृतिक गतिविधियों से जोडने् एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से विकास खंड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोडातराई, विकासखंड पुसौर में 24 दिसम्बर को किया जाएगा। जिसके लिए 23 दिसम्बर तक पंजीयन कराना जरूरी है।

## आदिवासी आरक्षण के अधिकारों में कटौती का आम आदमी पार्टी ने विरोध किया

**बीजापुर, 23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर (छ.ग)नगरीय निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारों में कटौती की भाजपा सरकार की साजिश के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने कड़ी विरोध जताया है। पार्टी के नेता सतीश मंडावी ने आरोप लगाया कि



2010 की जाति जनगणना के आधार पर अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों को घटाकर देना अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारों को खत्म करने का सुनियोजित प्रयास है।आप नेता सतीश मंडावी ने कहा, ÷यह कदम भाजपा की अनुसूचित जनजाति विरोधी नीति का स्पष्ट प्रमाण है। भाजपा सरकार ने जानबूझकर अनुसूचित जनजाति वर्ग को उनके अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया है। यह न केवल एक राजनीतिक चाल है, बल्कि यह सामाजिक न्याय के सिद्धांतों का भी उल्लंघन है। आम आदमी पार्टी जिला ईकाई बीजापुर ने इस निर्णय की कड़ी निंदा की है और इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया है। श्री सतीश मंडावी ने कहा कि पार्टी अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी और इस अन्याय के खिलाफ जमीनी स्तर पर संघर्ष करेगी।

## बीजेपी और उसकी मातृ संस्था हमेशा से डॉ. अंबेडकर और संविधान विरोधी रही है:विक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 23 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता आयोजित किया है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि 18 वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इस बार तो हद ही पार कर दी संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग मान ली गई इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाई। समता, समानता और न्याय के डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई रास नहीं आई। सत्तापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की। यही नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में डॉ. अंबेडकर का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी, अमित शाह ने कहा कि ÷अभी एक फैशन हो गया है अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत बीजेपी की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और बैसाखी सरकार बना कर लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया था, लेकिन बीजेपी ये खीज अब संविधान निर्माता पर निकाल रही है और बाबा साहेब का अपमान किया गया है लेकिन दुख की बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप- प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी। विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है, लेकिन मोदी सरकार भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के अपमान को अपराध मानने को तैयार नहीं है। उल्टे बीजेपी ने संसद की कार्रवाई ठप्प रखी, यही नहीं अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ धक्कामुक्की की गई पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया बीजेपी ने षड़यंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करा दी गई।

विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में आगे कहा कि ÷बीजेपी और उसकी मातृसंस्था हमेशा से डॉ. आंबेडकर और संविधान विरोधी रही है।÷ इन्होंने न सिर्फ संविधान के निर्माण के समय से ही विरोध किया, बल्कि इससे पहले डा. आंबेडकर को चुनाव हरवाया था। कांग्रेस भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान को लेकर अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर अटल है, जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे, हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आगामी 24 दिसंबर को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी सम्मान में जिला मुख्यालय बीजापुर में सम्मान रैली निकाली जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतीया उड़दे, जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, जिला महामंत्री जितेंद्र हेमला, जिला कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम और नेहरू बघेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस

**बीजापुर, 23 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश में डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी एवं एवं डिप्टी कलेक्टर श्री अभिषेक तंबोली ने शनिवार को सेंट्रल लाइब्रेरी में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस दिया लोक सेवा आयोग एवं व्यापंम द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं की जानकारी एवं परीक्षा में सफल होने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिए।लोक सेवा आयोग के प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार की विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए उपयोगी पुस्तकें सहित तैयारी करने के लिए परीक्षार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिए।

### 100 से अधिक किसान प्रशिक्षण व भ्रमण कार्यक्रम का लाभ उठाया

**महासमुंद।** सरायपाली स्थित शासकीय संजय निकुंज रोपणी, किसड़ी में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत विगत 16 दिसंबर से सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक कृषकों ने भाग लेकर विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक पहलुओं पर ज्ञान अर्जित किया।

प्रशिक्षण सत्र में डॉ. ओकेश चंद्राकर, सहायक प्राध्यापक उद्यानिकी ने प्याज की खेती, फलदार पौधों के प्रवर्धन, और सब्जी नर्सरी प्रबंधन जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही, डॉ. मुकेश सेठ, सहायक प्राध्यापक, कृषि अर्थशास्त्र ने फसल लागत प्रबंधन और लाभ-हानि के आंकलन पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

# नपा व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण शुरू



■ 6 हजार से अधिक अधिकारी कर्मचारी होंगे प्रशिक्षण में शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन दीपक सोनी के निर्देश में आगामी नगर पालिका एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दलों का प्रथम चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरू हुआ है। जिसमें दो दिनों में कुल 6097 अधिकारी कर्मचारी हिस्सा लेंगे।

प्रशिक्षण में किसी भी अधिकारी कर्मचारियों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संबधित रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को दिए हैं। उक्त प्रशिक्षण नगरीय निकायों में आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम पं. चक्रपाणि शुक्ल विद्यालय बलौदाबाजार 160, गजानंद अग्रवाल स्नाकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा 320, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम स्कूल सिमगा में 80, बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी 80, पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल, लवन 80, स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल 80, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल टुण्डरा 80 एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहांसी में भी 80 अधिकारी कर्मचारी प्रशिक्षण लेंगे। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत के लिए जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल बलौदाबाजार में 1735, स्वामी आत्मानंद स्कूल पलारी 978, पंचम दीवान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा 780, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मध्यम स्कूल सिमगा 1035, कसडोल अंतर्गत डी ए वी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छरछेद 1569 में शामिल होंगे।

## समाचार संक्षेप

# सशिमं में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का प्रशिक्षण शिविर



**भाटापारा, 23 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला बलौदा बाजार सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन 21 से 28 दिसम्बर तक भाटापारा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर सुरजपुरा रोड में आयोजित किया गया हैं। जिसका उद्घाटन भारत माता के छाया चित्र पर पुष्पांजलि तथा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यवाह शालीन साहू, वर्ग कार्यवाह सेवानिवृत्त प्राचार्य जय नारायण केशरावानी तथा मुख्य वक्ता प्रांत शारिरिक शिक्षण प्रमुख विश्वास जलताड़े जी उपस्थित रहे। वर्ग संचालन के लिए मुख्य शिक्षक भीषमदेव सोनवानी, बौद्धिक शिक्षण प्रमुख प्रेमसिंग वर्मा, सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हरदयाल साहू वर्ग व्यवस्था प्रमुख रविन्द्र शर्मा तथा सह व्यवस्था प्रमुख बिहारी लाल अग्रवाल है। वर्ग में पुरे जिले के विभिन्न ग्रामों तथा बस्तीयों से बड़ी संख्या में स्वयंसेवक इस प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित हैं।

# रोहित साहू भाजपा के जिला प्रतिनिधि नियुक्त किये गये

**भाटापारा, 23 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाटापारा ग्रामीण मंडल के ग्राम पंचायत टेहका से रोहित साहू को भारतीय जनता पार्टी बलौदा बाजार जिला का (जिला प्रतिनिधि) नियुक्त किया गया भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा की अनुशंसा पर सर्वसम्मति से भाटापारा में चुनाव प्रभारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर ने प्रदेश कार्यालय से भेजे गए नियुक्ति पत्र की घोषणा इस पर रोहित साहू टेहका वाले ने प्रदेश संगठन व प्रदेश उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा का आभार व्यक्त किया, रोहित साहू की नियुक्ति पर भाटापारा ग्रामीण के निवृत्त मंडल अध्यक्ष डब्लू सिंह ठाकुर वर्तमान अध्यक्ष पवन वर्मा, सुरेश वर्मा, परस देवांगन, रोशन साहू, चंद्र प्रकाश साहू, राकेश वर्मा, संतोष साहू, युगल साहू, प्रेम नारायण चौबे, डॉक्टर रामेश्वर वर्मा, डॉक्टर रामनारायण वर्मा, संतोष साहू, युगल साहू, प्यारे लाल रजक, मन्नू लाल यादव, युवा मोर्चा गोलू देवांगन, सतीश सोनी, रिखीराम ध्रुव, प्रमोद मोदी, सेवक राम साहू, दिनेश साहू, गणेश टंडन, दुर्गा पंकज साहू, संतोष ध्रुव, केशव ध्रुव, रामकुमार सेन, दिनेश वर्मा, पवन वर्मा भाजपा महिला मोर्चा के सभी सदस्य व भाजपा कार्यालय में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए बधाई दी यह जानकारी मीडिया प्रभारी नंदू साहू ने दी।





# अवैध चखना सेंटरों में परोसी जा रही गैर लाइसेंसी शराब

**सिमगा, 23 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा चखना दुकान की आड़ में खुले आम परोसा जा रहा है शराब जो की गैर लाइसेंसी हैं इन दुकानदारों को पानी पाउच व्हाट डिस्पोजल बेचने की भी अनुमति नहीं है और ना ही दुकान में बिठाकर शराब पिलाने की और ना कुछ दुकान दार तो दुकान की आड़ में शराब भी बेचते हैं लगता है इन्हें भी बड़े अफसर वह आबकारी विभाग से सेटिंग कर रखी है जो बगैर लाइसेंस दुकान में भी अवैध काम करने से नहीं डरते। सिमगा सिमगा लंबे समय से नशे का अड्डा बना हुआ है कहीं अवैध रूप से मदिरा शराब बेचा जा रहा है तो कहीं गांजा और कहीं पर गोलियां इसके चलते बताया जाता है कि इसे टीवी का मोबाइल रिचार्ज कराया जाता है ताकि यह अवैध काम खुले आम कर सकें और यह सिमगा के गली गली कूचे कूचे में रोड होटल ढाबा पान ठेलों में खुले आम हो रहा है इसमें आला दर्जे के अवसर आबकारी विभाग कोई भी सही तरह से एक्शन नहीं लेते है लगता है जैसे इन्हें भी अच्छा खासा कमीशन जाता होगा कुछ जगहों पर तो पान ठेला जैसे पुराना बस स्टैंड सिमला के है जहां सुबह ठेला खुलते ही लोग मदिरापान करते नजर आते हैं क्या हमारे समाज ने इन्हें खुले आम शराब पिलाने का लाइसेंस दिया है यह सरकार और आला दर्जे के अवसर या आबकारी विभाग ने दिया हैं।

# 286 में से 252 आवेदनों का मौके पर ही किया गया निराकरण





**बलौदाबाजार, 23 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव क़ी ओर मनाया जा रहा है। इसके तहत 19 दिसम्बर को जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत लाहोद, भाटापारा के ग्राम पंचायत तरेंगा, सिमगा के ग्राम पंचायत बनसांकरा, पलारी के ग्राम पंचायत अमेरा एवं कसडोल के ग्राम पंचायत छरछेद में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न समस्याओं एवं मांगो से सम्बंधित 286 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 252 का शिविर में ही निराकरण किया गया। शेष 34 आवेदनों का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लाहोद शिविर में प्राप्त 42 आवेदनों में से सभी का निराकरण किया गया। इसीप्रकार भाटापारा के ग्राम पंचायत तरेंगा में 70, सिमगा के ग्राम पंचायत बनसांकरा में 63, बैकोनी में 5 आवेदनों में. से. सभी का निराकरण किया गया। पलारी के ग्राम पंचायत अमेरा में 68 में से 47 का निराकरण एवं कसडोल के ग्राम पंचायत छरछेद में 38में से 25 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में विभागों द्वारा संचालित योजनाओं क़ी जानकारी लोगों को दी गई।

■ ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर किया गया समस्याओं का समाधान

## एक नजर

# सड़क हादसे में दो लोगों की मौत



**बलौदाबाजार, 23 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमेरा डोटोपार बाईपास में ग्राम पनगांव के पास एक अज्ञात वाहन द्वारा एक्सीडेंट हुआ है जिसमें एक महिला एवं पुरुष की मृत्यु हो गई है। दुर्घटना के दौरान मोटरसाइकिल चालक एक पुरुष एवं एक महिला की मृत्यु हो गई। सूचना पर थाना सिटी कोतवाली का पुलिस बल तत्काल घटना स्थल पहुंचा एवं दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल बलौदाबाजार लाया गया है। मृतकों के नाम अशोक साहू पिता मुन्ना लाल साहू उम्र 35 साल सकिन सलखन थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा, पुष्पा देवी साहू पति दशरथ साहू उम्र 40 वर्ष साकिन सलखन थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा है।

### अंवरी में दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं जयंती मड़ई 27 को



**भखारा, 23 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम अंवरी में 25 एवं 26 दिसम्बर को दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें पुरुष वर्ग के लिए प्रथम पुरुस्कार 5001रुपये, द्वितीय 3333 रुपये,तृतीय 2222 रुपये के साथ आयोजक समिति के द्वारा शील्ड दिया जाएगा। इसी महिला वर्ग के लिए प्रथम पुरुस्कार 5001 रुपये, द्वितीय 3333 रुपये, तृतीय 2222 रुपये के साथ आयोजक समिति के द्वारा शील्ड दिया जाएगा।साथ ही प्रत्येक प्रतिभागी मंडली को सांत्वना राशि भी दिया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 151 रुपये रखा गया है। वहीं 27 दिसंबर को जयंती मड़ई का आयोजन किया गया है जिसमें रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए शशि रंगीला ऑर्केस्ट्रा मनकी मुंगेली का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी आयोजक समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र गायकवाड़,उपाध्यक्ष प्रमोद पटेला,सचिव पोषण चंदेल,सह सचिव नागेश्वर सोनवानी, कोषाध्यक्ष चंद्रेश बघेल,भंडारी दुखीत राम लहरे,साटीदार सहदेव मारकंडे ने दी।

## विधायक रोहित साहू के प्रयासों से मिली अनेक विकास कार्यों की स्वीकृति

# 104 करोड़ के विकास कार्यों से होगा गरियाबंद की सड़कों का कायाकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 23 दिसंबर।** राजिम विधानसभा के विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के सतत प्रयासों से विधानसभा सहित गरियाबंद जिले के अनेक मार्गों के नवीनीकरण, पीएम जनमन की सड़कों, अन्य मरम्मत कार्य, पुल निर्माण और पेंच वर्क के लिए लगभग 104 करोड़ रूपये राशि की मंजूरी मिली है।

उक्त कार्यों में सड़क नवीनीकरण कार्य तहत अकलवारा से फिंगेश्वरी 96.32 लाख रुपये, दादरगाँव से छतरमड़ई 53.53 लाख रूपये, कांटाखुसरी से राजपुर व्हाया धरमपुर 42.01 लाख रूपये, मोंगरा से बिरनीबाहरा 109.22 लाख रूपये, परसदाखुर्द से पिपरहट्टा 29.39 लाख रुपये, पाटसिवनी से जामली 61.08 लाख रूपये, रक्सी से नवाडीह (केंवटीझर) 62.38 लाख रूपये, कोकड़ी से भिलाई 67.62 लाख रूपये, लोहारी से गोड़लबाय 142.90 लाख रूपये, महेन्द्रगढ़ से सातधार 72.24 लाख रूपये, डड़ईपानी से धवलपुर 145.32 लाख रूपये, मैनपुर से गोबरा 298.89 लाख रूपये, सिहार से जिड़ार 48.42 लाख रूपये, गरीबा से गोना 292.27 लाख रूपये, ध्रुवापारा नाला से स्टेट हाइवे 42.16 लाख रूपये, ऊपरपीटा से दहीगाँव 32.56 लाख रूपये, बारूला से कौंदकेरा 36.99 लाख रूपये, बारूला से पोटिया 127.79 लाख रूपये, कसेरु से आमझर 119.96 लाख रूपये की सड़क शामिल हैं।

पीएम जनमन योजना के तहत वर्ष 2023-24 के कार्यों में छुईहा से कसेरूडीह व्हाया कमारपारा 180.54 लाख रूपये, बनगंवा से कमारपारा रोड 33.19 लाख रूपये, रक्सा से कमारपारा 87.07 लाख रूपये, कुंडेल कमारपारा से कसेरूडीह 177.44 लाख रूपये, गुंडरदेही से बमहनदेही 81.7 लाख रूपये, खैरझिटी से कमारपारा भेंडरी 95.13 लाख रूपये, फिंगेश्वरी से तालाबपारा 45.94 लाख रूपये, अकलवारा से कमारपारा 72.06 लाख रूपये, मड़ेली से कमारपारा 46.28 लाख रूपये, नवापारा बी से कमारपारा 106.3 लाख रूपये, फुलझर से खदराही 163.67 लाख रूपये, रवेली से कमारटोला 86.46 लाख रूपये, रवेली जरगांव से कमारपारा 37.08 लाख रूपये, रवेली जरगांव से खपरापारा 64.50 लाख रूपयेघटकर्रा स्कूल से कमारपारा 40.89 लाख रूपये, रामनगर पारा से कमारपारा 37.37 लाख रूपये, सेम्हरा से स्कूलपारा छतरपुर 200.39 लाख रूपये, राजपुर छतरपुर से कमारपारा, 134.41 लाख रूपये, हीराबतर से कोकड़ाछेरा 95 लाख रूपये, बनवापारा से बांजीबहलीपारा 70.52 लाख रूपये, बुरजाबहाल से कमारपारा 102.05 लाख रूपये, बनवापारा से खासरपारा 111.26 लाख रूपये, बुरजाबहाल से बंदपारा 109.65 लाख रूपये, बनवापारा बस्ती से खरकारपारा 50.39 लाख रूपये, बुरजाबहाल से कंडियापारा कमारपारा 81.11 लाख रूपये, तुहामेटा से भालूकोना 103.58 लाख रूपये, जिड़ार से जरहीडीह (डोंगरीपारा) 114.21 लाख रूपये, जाड़ापदर से कमारपारा 181.93 लाख रूपये, डुमाघाट से चचारपारा 127 लाख रूपये, कांडसर से रताखंड 187.52 लाख रूपये, डुमाघाट से चिटकीमुड़ा 193.74 लाख रूपये, कांडसर से काटेसेमल 174.44 लाख रूपये, उसरीजोर से कमारपारा गोलामाल 148.19 लाख रुपये, गोलामाल से अड़कीभाठा 188.24 लाख रूपये घूमरापदर से छोटेडोंगरीपारा 179.37 लाख रूपये।

5 की आगामी कार्ययोजना बैच-2 के लिए भी प्रशासकीय स्वीकृति विधायक रोहित साहू के प्रयासों से मिली है जिनमें गोंदलाबाहरा से उलटपारा 1.70 किमी के लिए लागत 102.18 लाख रूपये, दीवना से कमारपारा 2.10 किमी के लिए 117.52 लाख रूपये, नागाबुड़ा से चट्टानपारा 6.00 किमी हेतु 33.39 लाख रूपये, छिन्दौली (गोंदलाबाहरा) 135.48 करोड़ रूपये, खरखरा से कमारपारा 95.06 लाख रूपये, हाथबाय से चिखली 209.72 लाख रूपये, कोटरीछापर से भुइयाडेरा 121.72 लाख रूपये, मरौदा से बम्हनी 90.26 लाख रूपये, सिकासार रोड से अच्छाछेड़का 94.33 लाख रूपये, कमारभौदी से कमारपारा 406.43 लाख रूपये, डुमरबाहरा से ऊंडापारा 156.64 लाख रूपये, पंचायत भवन से कमारपारा ओंढ़ 89.62 लाख रूपये, नेशनल हाइवे 130 सी से टिमनपुर 57.72 लाख रूपये, खरीपथरा से टेकनापारा बासनपानी 200.12 लाख रूपये की स्वीकृति शामिल हैं।

इसके अलावा विभिन्न आठ मार्गों के मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग से लगभग 111.26 लाख रूपये की भी मंजूरी मिली है जिनमें परसदाजोशी से रक्सा, 12.54 लाख रूपये, कोसमखूंटा से रजकट्टी 19.87 लाख रूपये, फिंगेश्वर पसौद से भाठापारा पहुँच मार्ग 5.40 लाख रूपये, दूतकैया खपरी से अरण्ड 12.20 लाख रूपये, सोनेसिल्ली से पथर्री सरगोड़ 19.69 लाख रूपये, सरनाबहाल से घुमरापदर 17.05 लाख रूपये, कंडेकेला से गुरूजीभाठा (अ) 12.83 लाख रूपये, चिचिया से गोटियापारा 11.68 लाख रूपये शामिल हैं। इसके अलावा छह पुल निर्माण की स्वीकृति मिली है जिनमें कसाबाय पतोरादादर मार्ग पर चचगी नाला में पुल निर्माण के लिए 394.11 लाख रूपये, बीजापाल से जोगीडीपा मार्ग पर बघनई नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण सह पहुँच मार्ग हेतु 519.75 लाख रूपये, कासरबाय से पतोरादादर मार्ग पर 135 मीटर पुराने पुल के स्थान पर नया पुल निर्माण कार्य 535.30 लाख रूपये, हरदी कासरबाय बहेराबुड़ा मार्ग पर पगारनाला में पुल निर्माण हेतु 509.60 लाख रूपये तथा कनसिंघी जटियाटोला मार्ग में सूखानदी पर पुल निर्माण हेतु 603.18 लाख रूपये की स्वीकृति शामिल हैं।

इन सभी विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों व गरियाबंद जिलेवासियों ने राजिम विधायक रोहित साहू का आभार जताया तथा विधायक रोहित साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्रीद्वय, अरुण साव, विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार प्रकट किया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि क्षेत्र व जिले के विकास के लिए हमारा जो संकल्प था उन संकल्पों को पूर्ण करने सतत प्रयासरत हैं और आगे भी जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्य होंगे।

# पैरा प्रबंधन के लिए कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 दिसम्बर।** धान कटाई के पश्चात् बचे पैरा को किसान भाई लोग काटना जरूरी नहीं समझते, फसल के ऐसे अधकटे हिस्से को अनुपयोगी मानते हैं और नई फसल की तैयारी कि लिए खेत में शेष पैरा (फसल अवशेष) को जला देते हैं। पैरा जलाने से कृषि पर्यावरण और स्वास्थ्य पर दुषप्रभाव पडता है। वही पैरा (फसल अवशेष) के समूचित प्रबंधन से मृदा एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य संरक्षण संभव है।

पैरा जलाने के दुषपरिणाम पैरा जलाने से वायु मण्डलीय प्रदुषण बढता है, इसके जलने से कार्बन मोनो-ऑक्साईड, मिथेन, पॉलीसाइक्लीक एरोमैटिक हाईड्रोकार्बन और वाष्पशील कार्बनिक यौगिक जैसी विषैली गैसो का उत्सर्जन होता है। इस प्रदुषण के आसपास के क्षेत्रों में स्मौग या धुम्र कोहरे की मोटी परत तैयार होती है जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इससे स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पडते हैं जैसे कि, त्वचा और आंखो में जलन से लेकर गंभीर हृदय और स्वास्थ्य संबंधी रोग देखने को मिलते हैं। पैरा जलाने से मृदा पर भी विपरित प्रभाव पडता है। यह मृदा में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम जैसे आवश्यक पोषक तत्वों को नष्ट कर देता है। पैरा जलाने से मृदा का तापमान बढ़ता है, जिससे मृदा में उपलब्ध सूक्ष्म जीव विस्थापित या नष्ट हो जाते हैं।

पैरा का उचित प्रबंधन पैरा से आर्गेनिक खाद बनाया जा सकता है। इससे मृदा की उर्वरक शक्ति भी बढ़ती है। आधुनिक यंत्र जैसे कि मल्चर, हैप्पी सीडर तथा सुपर सीडर का उपयोग करके पैरा को मिट्टी में मिला जा सकता है या बेलर का उपयोग करके पैरा का बंडल तैयार कर चारा के रूप में संग्रहित किया जा सकता है। पैरा का उपयोग कर विभिन्न प्रकार के उत्पाद भी बनाया जा सकता है जैसे कि डिस्पोजल प्लेट, कप, ग्रामीण क्षेत्रों में छप्पर निर्माण, पैकेजिंग सामग्री, कागज तैयार करने के लिए, बायो एथेनॉल तैयार करने के लिए एवं प्लाई उद्योग में भी उपयोग किया जा सकता है। बड़े उद्योगो में इंधन के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है। धान के पैरा का यूरिया से उपचार करके पशु चारे के रूप में उपयोग कर सकते हैं।

### पैरा से खाद कैसे बनाएँ

किसान भाई पैरा के निस्तारण के लिए अब डी-कंपोजर का उपयोग कर सकते हैं। यह एक किफायती और पर्यावरणीय रुप से सुरक्षित तरीका है। इस विधि में 200 लीटर पानी में 2 किलो गुड़ और 2 किलो चने का बेसन मिलाकर एक घोल तैयार किया जाता है। इस घोल में 20 ग्राम बायो डी-कंपोजर मिलाकर 2-3 दिन तक दिन में दो बार 5-10 मिनट के लिए चलाते रहना चाहिए। कुछ दिनों बाद घोल का रंग दूधिया हो जाएगा और 10 दिन बाद इसमें बुलबुले उठने लगेंगे, जिसका मतलब है कि कल्चर तैयार हो गया है। इस तैयार घोल को 10 लीटर की मात्रा में 1 एकड़ धान की पैरा पर छिड़काव करने से पैरा को खाद में परिवर्तित किया जा सकता है। कृषि विभाग के द्वारा जिले के सभी किसान भाईयों के लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से वेस्ट डी-कम्पोजर का वितरण कराया गया है। सभी किसान भाईयों से अनुरोध है कि, संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर बायो डी-कंपोजर प्राप्त करें। इस विधि से पैरा जलाने से होने वाले प्रदूषण से बचा जा सकता है और साथ ही मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ती है। जिले में धान की कटाई पश्चात् किसान खेतों में पड़े पैरा को जला देते हैं। इससे होने वाले नुकसान जैसे कि वायु प्रदूषण एवं खेत की उर्वरा शक्ति में कमी को देखते हुए, कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा किसानों से पैरा न जलाने की अपील की गई है।

## साय सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर कृषक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

# केंद्र और राज्य की योजनाओं से प्रदेश का किसान हुआ खुशहाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद, 23 दिसम्बर।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कातलबोड में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस के रूप में कृषक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभात बैस अध्यक्ष कुरूद सोसाइटी , अध्यक्षता विकास कुमार साहू अध्यक्ष कातलबोड़ सोसाइटी, विशिष्ट अतिथि सियाराम साहू, तेजराम साहू, होमनलाल साहू, डी आर पटेल एवं सी एल साहू थे।

इस कार्यक्रम में कृषि साख सहकारी समिति कुरूद अध्यक्ष प्रभात बैस ने किसानों के आय दोगुनी करने के उपाय बताया तथा केंद्र एवम राज्य सरकार की योजनाओं को विस्तार से बताया, आगे कहा कि अंधाधुंध कीटनाशक दवाई के प्रयोग से जमीन की उर्वरा शक्ति कम हो रही है, हमारे किसान भाइयों की स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। जिसे संतुलित मात्रा में कीटनाशक का उपयोग कर, गोबर खाद का उपयोग कर, खेतो में पराली जलाना रोककर मित्र कीटो में वृद्धि करके जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। साय सरकार ने 21 क्विंटल धान खरीदी कर किसानों का सम्मान बढ़ाया है। सोसायटी के द्वारा कृषि ऋण, खाद, बीज किसानों को उपलब्ध कराया है।



सीके साहू पर्यवेक्षक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कुरूद, कृषि विस्तार अधिकारी डी आर पटेल ने कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर घना राम साहू, चंद्रहास साहू, मिलन राम साहू, डिगंबर साहू, घसिया राम साहू, पदुमलाल साहू, प्यारेलाल कंवर, मनोज पटेल, लोमश साहू, भैरव राम साहू, रोशन साहू आदि को साल, श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर परशुराम निर्मलकर, रेखराम सारथी, सखाराम साहू, कृपा पटेल, विश्राम यादव, सेउक राम ओझा, भागवत साहू, फिरतू राम साहू, अरख राम साहू, नागेंद्र साहू, तोमन साहू, रेखूराम साहू, टीकम साहू, टिकेंद्र साहू, भोज लाल साहू सहित बड़ी संख्या मे कृषकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन शाखा प्रबंधक शिवनंदन बैस ने की।

एक नजर

## सैकड़ों बच्चों ने मनाया स्नात्र महोत्सव



**रायपुर,23 दिसम्बर।** आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर की पावन प्रेरणा से सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सौ से ज्यादा बच्चों ने परमात्मा का स्नात्र महोत्सव मनाया। 5 माह के कृशिव सुराना व 18 माह के अर्थव जैन सहित सैकड़ों बच्चों ने सीमंधर स्वामी के जन्मकल्याणक स्नात्र महोत्सव में भाग लिया। प्रातः से ही स्नात्र महोत्सव को लेकर माता पिता में अपूर्व उत्साह दिखा। कृशिव सुराना व अर्थव जैन की मम्मी स्वेजल सुराना व श्वेता जैन ने कहा कि बच्चों में बाल्यावस्था से ही सुसंस्कारों का बीजारोपण किया जाना जरूरी है। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस बच्चों को धर्म के मार्ग पर मोड़ना जरूरी है इसी उद्देश्य से गुरुदेव की प्रेरणा से प्रति रविवार बच्चों को स्नात्र पूजा, चंदन पूजा व पूजा विधि के सुत्रों का अध्ययन कराया जाता है। इस रविवार को बच्चों ने परमात्मा का स्नात्र महोत्सव मनाया। मेरु शिखर नवरावे हो सुरपति मेरु शिखर नवरावे, घड़ा 108 भरिने प्रभु जी ने नवहन करावे ओ सुरपति के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने सीमंधर स्वामी जिन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में पाठ किया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया। ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने बताया कि आज 108 बच्चों को तीर्थंकर परमात्मा के जन्मकल्याणक की, तीर्थंकरों के जन्म से तीन ज्ञान व व अतिशय बलों की जानकारी देकर मेरुशिखर पर स्नात्र महोत्सव कराया गया।

## वैश्विक अनिश्चितता के बीच वित्त वर्ष 26 में 7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान

**रायपुर, 23 दिसंबर।** एक्सिस बैंक के चीफ़ इकॉनॉमिस्ट नीलकंठ मिश्रा ने वित्त वर्ष 26 में आम सहमति से ऊपर 7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाते हुए कहा कि पूंजी निर्माण में घरेलू अर्थव्यवस्था को समर्थन मिला है, जिसे पूंजीगत व्यय चक्र में सुधार, वित्त वर्ष 25 में पिछली तिमाही के वित्तीय व्यय से मिली मदद, सीआरआर में कटौती और संभावित रूप से आगे की मैक्रो-प्रूडेंशियल सहजता से ऋण वृद्धि को पुनर्जीवित करने में मदद मिली है। बैंक की इंडिया इकोनॉमिक एंड मार्केट आउटलुक 2025 रिपोर्ट में मिश्रा और सह-लेखक प्रतीक अंचा, तनय दलाल, पुलकित कपूर और स्मृति मेहरा ने व्यापार में वैश्विक अनिश्चितता, उच्च ब्याज दरों, चीन में धीमी वृद्धि और अपस्फीति के जोखिम और मुद्रा में अस्थिरता पर प्रकाश डाला है। हालांकि, उनका मानना है कि भारत की अर्थव्यवस्था के 7 प्रतिशत की प्रवृत्ति वृद्धि दर पर वापस आने के प्रमुख चालक स्थानीय बने हुए हैं।

# महापौर व अध्यक्षों की आरक्षण प्रक्रिया की तिथि का इंतजार

### 1 जनवरी 2025 तक चुनाव की घोषणा नहीं होने पर आयोग का लगेगा पेंच

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 23 दिसम्बर।** नगरीय निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने के पूर्व मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक होगी जिसके बाद चुनाव की तिथियां घोषित की जाएगी। नगरीय निकाय के संचालक अथवा सचिव नगर निगमों के महापौर तथा अध्यक्षों के लिए लॉटरी निकालकर आरक्षण की प्रक्रिया पूरी करेंगे। यदि एक जनवरी तक चुनाव की घोषणा नहीं की गई तो भारत निर्वाचन आयोग का पेंच लग जाएगा। इसके अनुसार एक जनवरी को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो जाएगी उनका नाम भी जोड़ना होगा।

राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पार्षदों का आरक्षण जातिगत आधार पर हो गया है। महिलाओं को भी आरक्षण दिया गया है। यह प्रक्रिया सभी जिलों में अलग-अलग तिथियों में कर ली गई है। प्रदेश में 13 नगर निगम तथा 180 नगरीय निकाय हैं। इन निकायों में चुनाव कराने के लिए वार्डों का परिसीमन जनसंख्या के आधार पर कर लिया गया है। रायपुर नगर निगम एक मात्र एकमात्र ऐसा निगम है जहां प्रत्येक वार्ड में मतदाताओं की संख्या 12 हजार से लेकर 18 हजार तक है। शेष स्थानों पर मतदाताओं की संख्या कम है। नगर पंचायत एवं नगर पालिका के चुनाव को लेकर भी भारी गहमागहमी है। सभी दावेदार अब चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। महिला आरक्षित वार्डों में प्रभावशाली नेता अपनी पत्नियों को चुनाव लड़वाने की तैयारी कर रहे हैं।




**पंचायत चुनावः आरक्षण का नया शेड्यूल जारी**

राज्य में पंचायत चुनाव से पहले होने वाले आरक्षण का नया शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इससे पहले जारी आरक्षण के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया था। 30 दिसंबर तक आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होगी। इसके लिए सूचना का प्रकाशन आज ही हो जायेगा। जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष व जनपद सदस्य के लिए अधिसूचना 28 और 29 दिसंबर को जारी होगी। वहीं जिला पंचायत सदस्य, जनदप सदस्य, सरपंच व पंच के लिए आरक्षण की जानकारी 29 दिसंबर को जारी होगी। वहीं आरक्षण की प्रक्रिया 30 दिसंबर को होगी।

### आकाओं के घर का काट रहे चक्कर

नगरीय निकाय चुनाव लड़ने वाले दावेदार अब अपने क्षेत्र के विधायक, सांसद एवं मंत्री के घरों का चक्कर काट रहे हैं। भाजपा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी इसलिए दावेदार एक चिकित्सक का चक्कर काट रहे हैं। इस सप्ताह संघ प्रमुख मोहन भागवत का भी आगमन हो रहा है इसे देखते हुए अब दावेदार संघ की बैठकों में जाने लगे हैं। शाखाओं में भी भीड़ बढ़ने लगी है। विस चुनाव में पराजित प्रत्याशी विकास उपाध्यक्ष, पंकज शर्मा एवं आकाश शर्मा से भी नजदीकियां बढ़ा रहे हैं। कांग्रेसी टिकिट को लेकर अब प्रदेश अध्यक्ष तक भी पहुंच लगा रहे हैं। आयोग के सूत्रों के अनुसार अधिसूचना जारी करने के पहले मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक तथा अन्य अधिकारियों की बैठक ली जाएगी जिसमें चुनाव के तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इसके पश्चात ही तिथियों की घोषणा की जाएगी।

### नए मतदाताओं का जोड़ना होगा नाम

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार यदि इस सप्ताह के अंत तक चुनाव तिथियों की घोषणा नहीं की गई तो भारत निर्वाचन आयोग तथा सुप्रीम कोर्ट का पेंच लग जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2025 को जिन लोगों की आयु 18 वर्ष हो जाएगी उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ना आवश्यक है। नगर निगम के चुनाव अधिकारियों के अनुसार पार्षदों का आरक्षण पूरा कर लिया गया है अब महापौर तथा अध्यक्ष के आरक्षण का काम लॉटरी के माध्यम से सचिव अथवा संचालक करेंगे।




## गिरती कानून व्यवस्था, धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर यूथ कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन

■ मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकले कांग्रेसी

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 23 दिसम्बर।** यूथ कांग्रेस एवं एनएसयूआई के बैनरतले आज धान खरीदी में अव्यवस्था, गिरती कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री के निवास का घेराव करने कांग्रेसजन निकले। सीएम हाउस की सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था होने के कारण सभी को सिविल लाईन थाने के पास ही रोका गया।

युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा ने बताया कि आज यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के बैनरतले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास का घेराव करने के लिए हजारों की संख्या में सदस्य शामिल हुए। भाजपा सरकार में किसानों को निश्चित समय में टोकन न2हीं मिल रहा है जिसके कारण धान खरीदी नहीं हो पा रही है। प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है जिसके कारण लोगों में भय व्याप्त है। जनता की अन्य समस्याओं को देखते हुए आज मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया गया।

आज के कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल, विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा सहित अन्य नेताओं ने भाग लिया। एनएसयूआई के अध्यक्ष नीरज पांडेय एवं अन्य पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने विष्णुदेव सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

### सरेआम शराब पीते 14 गिरफ्तार

**रायपुर, 23 दिसंबर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र नगर पुलिस ने पंडरी शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सतीश कुमार सागर 42 वर्ष व मसरूर अहमद 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी संतोष गुप्ता 46 वर्ष एवं धरसींवा पुलिस ने पुरेन्द्र कुमान निषाद 32 वर्ष, सुनील यादव 48 वर्ष दिनेश धीवर 26 वर्ष व अमृत लाल श्रीवास्तव 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी दीपक वर्मा 38 वर्ष, राजेश चंद्रवंशी 43 वर्ष, चंदन सोनकर 26 वर्ष, राजेश साहू 44 वर्ष, घनश्याम पांडे 48 वर्ष व रविकांत चंद्राकर 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी रूपेश यादव 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## विप्र समाज के सदस्यों का प्रकृति परीक्षण




**रायपुर, 23 दिसम्बर।** केंद्रीय सरकार के निर्देश के अनुसार सभी नागरिकों के स्वास्थ्य रिकार्ड बना उन्हें समय समय पर चिकित्सकीय सलाह दे स्वस्थ भारत बनाने की पहल के तहत आज सरयूपारीण ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजन किया गया। डॉ अरुणा ओझा वरिष्ठ आर्युवेद चिकित्सक के साथ डॉ शिल्पी गंगवानी डॉ दीक्षा धीरज न समाज के लगभग 117 सदस्यों का प्रकृति परीक्षण कर पंजीयन किया। इस अवसर पर सरयूपारीण सभा अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला सर्व अजय तिवारी, कैलाश तिवारी, आर एल द्विवेदी, राजेन्द्र शर्मा विजय शर्मा लक्ष्मण मिश्रा अरुण कुमार दुबे अनंत दुबे विजयतिवारी प्रमोद शर्मा अजय मिस्त्र सुमन त्रिपाठी रीना तिवारी काव्या मिश्रा सुसुम शुक्ला किरण तिवारी आदि उपस्थित थे।

## मंदिर हसौद के 7 केन्द्रों में 33 लाख कट्टा धान जाम



**रायपुर, 23 दिसम्बर।** केन्द्रीय जिला सहकारी बैंक रायपुर के मंदिर हसौद शाखा के अधीन बनाये गये 7 धान उपार्जन केन्द्रों में बीते रविवार की स्थिति में लगभग 33 लाख कट्टा धान परिवहन के अभाव में जाम पड़ा है। इसके एक केन्द्र टेकारी में तो अब तक खरीदे गये धान तकरीबन 52 हजार कट्टा उठाव के बोहनी के इन्तजार में है।

गनौद केन्द्र में अब तक खरीदे गये धान का महज 10 प्रतिशत के करीबन उठाव हुआ है और यहां पर लगभग 78 हजार कट्टा धान जाम है। गोढ़ी में खरीदे गये धान में से महज 30 प्रतिशत का ही उठाव हुआ है और करीबन 77 हजार कट्टा धान परिवहन के इन्तजार में है। पलौद केन्द्र में भी लगभग 30 प्रतिशत धान का उठाव हुआ है व लगभग 50 हजार कट्टा धान जाम पड़ा हुआ है। उमरिया केन्द्र में लगभग 15 प्रतिशत धान का उठाव हो तकरीबन 45 हजार कट्टा धान परिवहन हेतु प्रतीक्षारत है। बरौदा केन्द्र में लगभग 49 प्रतिशत धान का परिवहन हो चुका है और महज 5 हजार कट्टा धान का उठाव बाकी है। सर्वाधिक परिवहन रायपुर - आरंग राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मंदिर हसौद केन्द्र से लगभग 60 प्रतिशत हुआ है और करीबन 26 हजार कट्टा का उठाव बाकी है। इन खरीदी केन्द्रों का दौरा कर किसानों व कर्मियों सहित कई केन्द्रों के प्राधिकृत अधिकारी से चर्चा करने के बाद यह जानकारी देते हुये किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने कहा है कि जाम धान की वजह से कई केन्द्रों में खरीदी हेतु जगह नहीं होने से धान खरीदने व बेचने में कर्मियों व? किसानों को दिक्कत आ रही है पर शासन - प्रशासन के दबाव में जबरिया धान खरीदी का काम चल रहा है व परिवहन में विलंब होने से सूखती की शिकायत भी शुरू हो चला है। गोढ़ी सोसायटी के प्राधिकृत अधिकारी दिलीप बैस व टेकारी के प्राधिकृत अधिकारी विश्वनाथ नायक ने धान खरीदी बिक्री में आ रही व्यवहारिक दिक्कतों सहित जाम धान की ओर शासन - प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने की जानकारी दी है।

## विकास कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : सुनील सोनी



**रायपुर, 23 दिसम्बर।** विधायक सुनील कुमार सोनी ने दक्षिण विधानसभा के डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61 जोन क्र. 6 के मठपुरैना (भाठागांव) रावतपुरा फेस-1 चतुर्दिक मार्ग के डामरीकरण कार्य लंबाई लगभग 7 किलोमीटर (6.90 किमी.) राशि 279.61 लाख के विकास कार्यो का सैकड़ों वार्डवासियों, गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमि पूजन किया। विधायक सोनी ने कहा कि मैं अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में वार्डवासियों के मूलभुत सुविधाओं के लिए क्षतिग्रस्त सड़को के डामरीकरण के कार्यो का भूमि पूजन करने निकला हूँ, इसी तारतम्य में आज रावतपुरा फेस 1 में भूमिपूजन किया गया है। दिन प्रतिदिन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की जनता और उनके हितों एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये इस प्रकार के अनेक लाभकारी विकास कार्यो का शुभारंभ होता रहेगा। सोनी ने कहा कि केन्द्र तथा राज्य की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिये भारतीय जनता पार्टी कृतसंकल्पित है। चुनाव में पार्टी के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवालजी और मैंने नित नये विकास का संकल्प लिया था। पूर्व में मैंने महापौर के रूप में भी आपकी सेवा की है। चुनाव जीतने के बाद अधिकारियों की बैठक लेकर मैंने विकास कार्यो को जिम्मेदारीपूर्वक और समय पर पूरा करने का निर्देश दिया है। आने वाले समय में कहॉ क्या आवश्यकता होगी, इस आधार पर विकास का नया मैप तैयार करेंगे।

## मसीही समाज ने निकाली सद्भावना रैली



**रायपुर, 23 दिसम्बर।** राजधानी में मसीही समाज ने ख्रीस्त जन्मोत्सव पर क्रिसमस सदभावना मेगा रैली निकाली। करीब दो किलोमीटर लंबी रैली में 10 हजार मसीहीजन जुटे। रैली में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पपंरा व सदभावना नजर आई। प्रभु यीशु के जयकारों से राजधानी के प्रमुख मार्ग गूंजते रहे। कैथोलिक डायसिस के आर्च बिशप विक्टर हैनरी ठाकुर, छत्तीसगढ़ डायसिस सीएनआई की बिशप डॉ. सुषमा कुमार, डायसिस के सचिव नितिन लॉरेंस, कोषाध्यक्ष जयदीप राबिंसन, विकासर जनरल फादर सेबेस्टियन, फादर जॉन जेवियर आदि ने रैली की अगुवाई की। रैली के संयोजक जॉन राजेश पॉल थे।

हिंदु, मुस्लिम, सिख जैन आदि संगठनों ने की जगह जगह रैली अगवानी कर स्वागत किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा व विकास उपाध्याय, जैन समाज से राजेश सिंघी, मुस्लिम समाज से फैसल रिजवी, सिख समाज से महेंद्र छाबड़ा, मनमोहन सैलानी, छत्तीसगढ़ समाज पार्टी के अध्यक्ष अनिल दूबे और माय एफ़एम के चीफ सजी लुकास आदि शामिल हुए। हिंदू समाज से पद्मश्री जीसीडी भारती, पं. संपत मिश्रा ने शुभकामानाएं भेजीं।

रैली सेंट जोसफ कैथेड्रल और सेंट पॉल्स कैथेड्रल से प्रारंभ होकर आकाशवानी चौक, ओसीएम चौक, राजीव गांधी चौक छोटापारा, कोतवाली चौक, सदरबाजार, सत्ती बाजार तिराहा, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती थाना चौक, विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब होते हुए श्याम टाकिज से बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक पहुंची। वहां से व्हाइट हाउस गार्डन में रैली का औपचारिक समापन हुआ। समापन समारोह को उपासने, छत्तीसगढ़ क्रिश्चयन फैलोशिप दुर्ग-भिलाई के अध्यक्ष व मोनोनाइट के पादरी राकेश प्रकाश, बिलिवर्स डायसिस के फादर संदीप लाल, इंडियनऑर्थोडाक्स चर्च के कोलकाता डायसिस के सेक्रेटरी फादर जेकब थॉमस, फादर जॉन पुन्नौर, पादरी निर्मल कुमार पेंड्रारोड -गौरेला ने संबोधित किया। अंत में पादरी सुनील कुमार की प्रार्थना व आर्च बिशप के आशीवर्चन से रैली का समापन हुआ। संयोजक ने धन्यवाद किया।

## महतारी वंदन मातृ-शक्ति की आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में क्रांतिकारी पहल : भाजपा

**रायपुर, 23 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि बस्तर में एक फिल्मी हीरोइन के नाम से मामला उजागर होने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बैज का यह बयान कि आधे लोगों को महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, बहुत ही गैर जिम्मेदाराना है। महतारी वंदन योजना को लेकर कांग्रेस के नेताओं ने अनेक बार झूठ बोला है, जिसके लिए कांग्रेस के सारे नेताओं को छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों से तुरंत माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के नेता झूठ की राजनीति करते हैं, भ्रम की राजनीति करते हैं।

भाजपा विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के संकल्प की पूर्ति करते हुए सत्ता में आने के तीन महीनों के भीतर ही प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस योजना पर अमल शुरू कर दिया था, जो बिना किसी बाधा के नियमित महिलाओं तक हर महीने पहुँच रही है और प्रदेश की महिलाएँ इस राशि से परिवार, बच्चों की शिक्षा, निवेश आदि में अर्थ-प्रबंधन को सुचारू दिशा प्रदान कर रही हैं। महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन में सुशासन के मूल्य स्पष्ट झलक रहे हैं और प्रदेश सरकार के प्रति अभूतपूर्व जन-विश्वास नजर आ रहा है। श्री शुक्ला ने कहा कि महतारी वंदन छत्तीसगढ़ की मातृ-शक्ति की आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में क्रांतिकारी पहल है। आज छत्तीसगढ़ की महिलाओं को छोटी-छोटी जरूरत के लिए किसी का मुँह नहीं देखना पड़ता। श्री शुक्ला ने कहा कि पूरे प्रदेश में सैंपल सर्वे करने के बजाय अगर बैज कांग्रेस की महिला नेत्रियों से ही पूछ लें तो उन्हें पता चल जाएगा कि दल, जाति, पंथ के भेदभाव के बिना शत-प्रतिशत महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है। कांग्रेस इस बहाने महतारी वंदन की शक्ति स्वीकार कर रही है क्योंकि कांग्रेस और उसकी पिछली भूपेश सरकार ने तो घोषणा करने के बावजूद महिलाओं को 500 रुपए नहीं दिए। कांग्रेस की सरकार ने तो विधवा और वृद्ध महिलाओं को निराश्रित पेंशन तक नहीं दिया।

भाजपा विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि मातृ शक्ति के आर्थिक सशक्तीकरण के जरिए प्रदेश को विकसित बनाने का जो विजन मुख्यमंत्री श्री साय ने देखा है, उसमें इस योजना की किश्त के अंतरण से हर माह मील के पत्थर जुड़ते जा रहे हैं। इस योजना को लेकर कांग्रेस के अनर्गल प्रलाप पर तीखा कटाक्ष करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि राजनीतिक कुंठा से ग्रस्त कांग्रेस महतारी वंदन योजना के बारे में झूठ बोलकर चाहे जितना भ्रम फैलाने की ओछी राजनीति करे, प्रदेश की मातृशक्ति ने भाजपा पर जो विश्वास व्यक्त किया है, भाजपा विश्वास की उस कसौटी पर खरी उतर रही है और अपने सारे वादों को पूरा करके प्रदेश को एक सकारात्मक व विश्वासपूर्ण वातावरण में सुशासन देने के लिए संकल्पित है। श्री शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस नेता अब अनर्गल प्रलाप करके झूठ और भ्रम फैलाने की अपनी आदत से बाज आएँ।

## सेंटपॉल स्कूल के पुराने छात्रों ने याद किए बीते हुए दिन

**रायपुर. 23 दिसंबर।** 1978- 83 बैच सेंटपॉल स्कूल के तत्वावधान में आयोजित आओ अपने स्कूल चलें कार्यक्रम में 41 वर्षो के उपरांत एक बार फिर अपने स्कूल के दिनों को याद किये। एक बार फिर स्कूल के दिनों की अकल्पनीय दुनिया को जीवंत स्वरूप प्रदान करने के लिए 1978-83 बैच के विद्यार्थियों ने प्रयास किया और अपने अधिकतर सहपाठियों को देश भर से कार्यक्रम में आमंत्रित किया।

21 दिसंबर शनिवार को ठीक स्कूल के समय सुबह 10:20 समस्त सहपाठी स्कूल ड्रेस नीली पेंट और सफेद शर्ट में उपस्थित हुए। सर्वप्रथम प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत कीद्य इसके बाद पंक्ति बनाकर अपने पुराने दिनों जैसे क्लासरूम में पहुंचे। क्लास रूम में पहुंचकर सबको अपने पुराने दिन याद आने लगे। कक्षा में कौन-कौन शिक्षक ने किसको किसको कब कब पिटाई किया, शरारत और अन्य यादगार घटनाओं को याद कर सभी मानो बच्चे बन गए। स्कूल के कक्षा में मस्ती, मैदान में ब्रेक में खेलना, एक दूसरे के टिफिन खाना, स्कूल के घने नीम के पेड़ के नीचे बैठकर आराम करना और गप्पे मारना स्कूल के पुराने दिन चलचित्र की भांति सबके आंखों के सामने से गुजरने लगे और सब उन पलों को याद करके भावविभोर होते रहे। सेंटपॉल के 1978-83 बैच को गौरान्वित करने के लिए इंडियन नेवी से सेवानिवृत्त कमोडोर अजय बिसेन, और आई आई टी गुवहाटी के प्रोफेसर राजीव तिवारी को उनके उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।÷आओ अपने स्कूल चलें' कार्यक्रम में 1969 बैच के कर्नल सुनील मिश्रा व 1978 बैच के अंजय शुक्ला विशिष्ट रूप से उपस्थित थे। अंत मे फिर मिलने के संकल्प के साथ सभी ने अपने शिक्षकों व सहपाठियों को याद किया जो शिक्षक इस दुनिया में नहीं है, उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया।कार्यक्रम में देश भर से आए विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से प्रोफेसर राजीव तिवारी, कोमोडोर अजय सिंह बिसेन, डॉ मेघेश तिवारी, शिरीष तिवारी, नवनीत पाटिल, वीरेन्द्र चतुर्वेदी, चंद्रशेखर राव, शरद वरु, शाहनवाज सुल्तान, एम सुधाकर, पवन आवल, डॉ दत्तात्रेय होसकरे, संजय शर्मा, राजेश सचदेव, कैलाश सचदेव सुयश शुक्ला, राजेश अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, प्रजय ग्वालरे, विकास दुबे, अमित खेमका, परसराम सोनकर, आदित्य झा चंदन फत्तनानी, दिनेश छाबड़ा, आलोक अग्रवाल, सीए मनोज अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्कूल में इसी तरह वर्ष में एक से दो बार मिलने का और स्कूल के अपने पुराने दिनों को जीने का वादा किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मेघेश तिवारी, शिरीष तिवारी, सुयश शुक्ला व चंद्रशेखर राव ने संयुक्त रूप से किया।

## छग ने बनाया हरियाली बढ़ाने का रिकार्ड

**रायपुर, 23 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ को भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2023 के लिए देश में प्रथम स्थान मिला है। बतादें कि वन और वृक्ष आवरण वृद्धि में प्रदेश को प्रथम स्थान मिला है। प्रदेश के वन आवरण क्षेत्र कुल 55,812 वर्ग किलोमीटर तक है। जिसके वृक्ष और वन आवरण में 2021 की तुलना में देश के 1445 वर्ग कि.मी. की वृद्धि हुई है। समृद्ध हरित और हरित बनाने दिया योगदान : इस कड़ी में सीएम साय ने कहा कि, यह महत्वपूर्ण उपलब्धि जलवायु और वन परिवर्तन विभाग के समर्पित प्रयासों व सतत संरक्षण का परिणाम है।साथ ही यह प्रदेशवासियों के पर्यावरण के प्रति उनकी जिम्मेदारी और जागरूकता को दर्शाता है, जो छत्तीसगढ़ को समृद्ध हरित और हरित बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं। ये उपलब्धि स्थानीय समुदायों के संरक्षण और भागीदारी कार्यक्रमों में सफल क्रियान्वयन का ही परिणाम है। सूत्रों के मुताबिक साल 2021 की तुलना में देश के वन और वृक्ष आवरण में 1445 वर्ग कि.मी. की वृद्धि हुई है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26